ISSN:0975-4431
RNI:MPHIN/2009/29572

नवीन सामाजिक शोध

नवीन सामाजिक शोध

अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

NAVEEN SAMAJIK SHODH

International Monthly Research Journal

वर्ष-8 अंक-11 (कुल अंक-95) जनवरी 2017

मूल्य - 100 रूपये

International Research Journal
Research Journal Useful for
Social Development

नवीन सामाजिक शोध

मासिक शोध पत्रिका

अध्ययन एवं अनुसंधान पर
आधारित उच्च शिक्षा के क्षेत्र में
उत्कृष कार्य करने पर
ISSN:0975-4431 प्राप्त हुआ

हम सभी क्षेत्रों विषयों पर वैज्ञानिकों प्रोफेसरों और शोद्यार्थीयों द्वारा तैयार शोध पत्रों का प्रकाशन करते हैं

शोद्यार्थीयों द्वारा अपना रिसर्च वर्क प्रारम्भ करने से पूर्व पांच शोध पत्रों के प्रकाशन की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए हिन्दी इंगलिश भाषाओं में शोध पत्रों का प्रकाशन करते हैं

सामान्यतः विज्ञान विषयों के शोध पत्र अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित होते हैं किन्तु हम विज्ञान विषय के शोध पत्र भी हिन्दी भाषा में प्रकाशित करते हैं। जिससे हमारे मध्यप्रदेश के बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर पाते हैं।

अतः हमारी पत्रिका में केवल उच्च गुणवत्ता प्राप्त अनुसंधानिक/शोध पत्र ही प्रकाशित किये जाते है।

प्रकाशक

अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

नवीन सामाजिक शोध

वर्ष-8 अंक-11 (कुल अंक 95) जनवरी 2017
R.N.I. M.P.HIN/2009/29572 ISSN-0975-4431
संपादकीय कार्यालय : 25, रूपनगर कालोनी, जे.के. रोड,
भोपाल-462041 (म.प्र.) दूरभाष : 09300279796, 09425704990
Email : naveensamajikshodh@yahoo.com
Website : www.naveensamajikshodh.com

संस्थापक प्रधान सम्पादक
स्व.डॉ.जी.सी. सक्सेना

❖

प्रधान सम्पादक
राजेन्द्र सक्सेना

❖

प्रबंध संपादक
अभिजीत सक्सेना

❖

संपादक
श्रीमती सविता सक्सेना

❖

उपसंपादक
डॉ.सजय अग्रवाल (चिकित्सक)
डॉ. संतोष धुर्वे (समाजशास्त्री)
डॉ. विजय दुबे (वाणिज्य)ग्वा.

❖

शोध अधिकारी
डॉ. ममता दुबे ग्वालियर
श्रीमती रितू मेहरा

❖

ग्राफिक्स
तनवीर कुरेशी

❖

सलाहकार संपादक
राजेश सक्सेना

विदेशों में क्षेत्रीय कार्यालय : (विदेशी विषय विशेषज्ञ संपादक)

1. डॉ. राम भारद्वाज चिकित्सक
पो.बॉ. नं. 361, पोस्टल कोड नं. 319, सहम सुलतानेट ऑफ ओमान

2. प्रो. डॉ. सुधाकर कोटा (अर्थशास्त्री)
प्रोफेसर इकोनोमिक्स एण्ड मार्केटिंग, स्काईलाईन, युनिवर्सिटी शारजाह यूएई

3. कविता शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर,
111, शेख रसीद बिल्डिंग, शेख जावद रोड, यू.ए.ई. दुबई

4. डॉ. प्रिन्स डेविड दंत चिकित्सक
11, अेलब्रेस्ट एवेन्यू, माउंट रास्किल, ओकलैण्ड 1041, न्यूजीलैण्ड

5. श्री सजग चतुर्वेदी,
स्टेनफोर्ड, यूनिवर्सिटी थाईलैण्ड

6. श्रीमती ऋति चतुर्वेदी, कनाडा

7. श्रीमती प्रतिभा, कनाडा

8. डॉ. उमेश रस्तोगी, लंदन

सहयोग राशि : देश में : साधारण अंक 100/-वार्षिक : 1000/-
आजीवन सदस्यता 10000/
विदेशों में : साधारण अंक : 18 डॉलर, वार्षिक : 180 डॉलर
सारे भुगतान (मनीआर्डर/चैक/ड्रॉफ्ट) नवीन सामाजिक शोध के नाम से किए जावेंगे। चैक से भुगतान करने पर रू.30-अतिरिक्त भेजें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक-राजेन्द्र सक्सेना द्वारा एम.आई आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-8 द्वारा मुद्रित एवं 25, रूपनगर कालोनी, जे.के. रोड, भोपाल-462023 (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-श्रीमती सविता सक्सेना

सभी लेखों में लेखकों के अपने मौलिक विचार है। संपादक अथवा संपादक मंडल का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। हमारा संपादक मंडल पूर्णत अवैतनिक एवं अव्यावसायिक है। विवाद की स्थिति में सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

नवीन सामाजिक शोध

इस अंक में

1. विभिन्न कालों में महिलाओं की परिस्थति.....राजश्री साहू - 6
2. मेक इंन इंडिया.....आरती श्रीवास्तव - 13
3. अनुसूचित जनजाति विकास में विधिक प्रावधान.....सुश्री ताई चौरसिया - 19
4. भारत में कौशल विकास.....डॉ. सीमा श्रीवास्तव - 23
5. उच्च शिक्षा में परिवर्तन चुनौतिया .....डॉ. (श्रीमती) अमोल मांजरेकर - 29
6. विमुद्रीकरण का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव.....पापिया चतुर्वेदी - 34
7. नोट बंदी का भारतीय समाज पर प्रभाव.....नीलिमा चटर्जी - 40
8. सामाजिक मीडिया और बाजार वाद .....नीलिमा चटर्जी - 47
9. शिक्षा जगत के बदलते मायने.....डॉ. जे.पी. माकवे - 53
10. Arabic studies in India.....Nageena Akhter - 60
11. Importance of Arabic in India.....Imtiyaz Ahmad Wani - 68
12. The Impact of Quran .....Syed Mohd Amin Shah Bukhari - 74
13. Mahmud Darwish, Distinguishing features.....Mukhtar Ahmed - 79
14. Environment.....D.N. Yadav - 84
15. History of Scindia's.....D.S. Pawar - 93

सलाहकार मंडल

- **प्रो. डॉ. आई.एस. चौहान,** पूर्व कुलपति, बरकतुल्लाह एवं भोज विश्वविद्यालय, भोपाल–म.प्र.। फोन : 0755–2424777
- **प्रो. डॉ. विनोद पी. सक्सेना,** पूर्व कुलपति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर म.प्र.। फोन : 0755–2628055
- **प्रो. डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव,**
  पूर्व कुलपति, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर–म.प्र.।
- **प्रो. डॉ. राजपाल सिंह,** सदस्य, सलाहकार यूजीसी (उच्च शिक्षा) भारत सरकार। मो. 9425028689
- **डॉ. के. के. तिवारी**
  शिक्षाविद्, राज्यपाल अधिकृत ई.सी.सदस्य डीएवीवी इंदौर मो. **9893014415**
- **वरिष्ठ वकील श्री खलीलउल्लाह खान,** पूर्व चेयरमेन, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग भोपाल–म.प्र.। मो. 9826225266
- **श्री आई.बी. सिंह,** पूर्व निदेशक, ग्रामोद्योग विश्वविद्यालय, चित्रकूट–म.प्र.। मो. 9329138005
- **डॉ. ललित श्रीवास्तव, नेत्र विशेषज्ञ,** अध्यक्ष, मध्यप्रदेश डॉक्टर्स एसोसिएशन, भोपाल–म.प्र.। मो. 9827007500

संपादक मंडल

- **प्रो. संजय एस. अग्रवाल,** विभागाध्यक्ष, पीपुल्स मेडीकल कालेज
- **प्रो. अलका डेविड,** विभागाध्यक्ष,गृह विज्ञान, शा.सरोजनी नायडू कालेज,
- **प्रो. अरविंद चौहान,** बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल।
- **प्रो.आर.शंकर,** विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, भारतीदर्शन विश्वविद्यालय, तिरूचरापल्ली–तमिलनाडु (620024)।
- **प्रो.परवेज अहमद अब्बासी,** विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, वी.एन.एस.जी. विश्वविद्यालय सूरत गुजरात,।
- **डॉ0 कुमारी चित्रा शर्मा** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय, भोपाल
- **प्रो.डॉ. कामिनी जैन,** प्राचार्य शास. स्नातकोत्तर, महाविद्यालय, पिपरिया
- **प्रो. आभा चौहान,** विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, जे.एण्ड के.।
- **डॉ. वंदना बक्शी,** सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग एक्सीलेंस कालेज, कोलार रोड, भोपाल।
- **डॉ. दिनेश परमार,** अनुवांशिकी विभाग, ब.वि., भोपाल।
- **डॉ. आरती श्रीवास्वत,** सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग शासकीय कॉलेज नसरूल्लागंज।
- **डॉ.जितेन्द्र कुमार,** एसोसिएट प्रोफेसर, फैकल्टी आफ कामर्स एंड मैनेजमेंट, जी.जी. डी.एस.डी. (पीजी) कालेज, पलवल।
- **डॉ. विपिन व्यास,** व्याख्याता, लिमनोलॉजी, ब.वि., भोपाल।
- **श्री अजय बिसारिया,**व्याख्याता, हिंदी विभाग, अ.मु.वि.,अलीगढ़–उ.प्र.।
- **डॉ. संदीप कुमार मल्होत्रा,** विभागाध्यक्ष गणित शा. संजय गांधी स्मृति स्नाकोत्तर, महाविद्यालय, गंजबासोदा म.प्र.
- **डॉ. विश्वनाथ मिश्रा,** पूर्व प्राचार्य (समाजशास्त्र) कालीचरन पी.जी. कालेज, लखनऊ
- **इंजि. रोहन गुप्ता,** एम–2/5, बी.डी.ए. कालोनी, लालघाटी, भोपाल
- **डॉ. अमित कुल्हार,** जिला पंचायत भोपाल
- **मो, अनवर** संवाददाता दैनिक पत्रिका भोपाल

सम्पादकीय

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज कराने वाले गरीब मरीजों की ऑनलाइन गिनती करने की एम्स प्रशासन की योजना का स्वागत किया जाना चाहिए। एम्स प्रशासन को ऐसा करने के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि सीमित बजट में सभी गरीब मरीजों का इलाज करना उसके लिए मुश्किल होता जा रहा है। इस योजना का मकसद गरीब मरीजों के इलाज पर आने वाले खर्च का ब्योरा तैयार कर संबंधित राज्य सरकारों को भेजना है ताकि वह उनसे आर्थिक मदद की अपील कर सके। यह सही है कि एम्स देश का सबसे बेहतर सुविधाओं वाला अस्पताल है। दुनियाभर के डॉक्टर यहां के चिकित्सकों का लोहा मानते हैं। इस संस्थान के डॉक्टरों ने अनगिनत ऐसे मरीज ठीक किए हैं, जो लाइलाज बीमारी से पीड़ित थे। इसके अलावा कई दुर्लभ ऑपरेशन भी इस संस्थान के डॉक्टरों के नाम दर्ज हैं। यही वजह है कि देश के कोने-कोने से इलाज की चाह में मरीज इस संस्थान का रुख करते हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो एक दिन में इस संस्थान में करीब 10 हजार मरीज ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) की सेवा लेते हैं। दरअसल, 15 राज्यों ने अपने बीपीएल कार्ड को ऑनलाइन कर दिया है। इसे ध्यान में रखते हुए एम्स गरीब मरीजों की ऑनलाइन सत्यापन की सुविधा ट्रायल के रूप में शुरू कर चुका है। इससे मरीजों को जल्द इलाज के लिए राष्ट्रीय आरोग्य निधि या संस्थान के बजट से पैसा मिल पाएगा। साथ ही यह पता चल सकेगा कि कोई मरीज किसी दूसरे विभाग या अस्पताल से कोई आर्थिक मदद तो नहीं ले रहा है। लेकिन इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर राज्य सरकारों ने बजट मुहैया कराने से इन्कार कर दिया तो क्या होगा? ऐसे में तो गरीब मरीज ही सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। लेकिन दूसरी ओर यह भी सही है कि आखिर एम्स खुद के बजट से कितने मरीजों का इलाज करने में सक्षम है। हर राज्य सरकार स्वास्थ्य के लिए जब अलग से बजट प्रावधान करती है तो फिर वह उसी में से कुछ हिस्सा क्यों नहीं एम्स को देती है, जिससे उसके यहां से आने वाले मरीजों को और बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। एम्स प्रशासन की इस कवायद के बाद शायद ऐसा मुमकिन हो पाए तो संस्थान के पास गरीब मरीजों का इलाज करने के लिए और संसाधन उपलब्ध हो पाएगा।

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

विभिन्न कालों में महिलाओं की परिस्थिति

राजश्री साहू
सहायक प्राध्यापक समाज शास्त्र विभाग
महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय
करौंदी कटनी (म.प्र.)

परिचय – वैदिक काल के प्रारम्भिक समय में स्त्रियों का स्तर बहुत उच्च था क्योंकि उन्हें 'देवी' का पद दिया गया था और ऐसा मानते हुए उनकी पूजा की जाती थी। स्त्री परिवार में अपने पति के साथ सयान अधिकार और उत्तरदायित्यों की अधिकारिणी होती थी। वह अपने पति के साथ समान अधि ाकार और उत्तरदायित्यों की अधिकारिणी होती थी। वह अपने पति का एक अंग मानी जाती थी और प्रत्येक धार्मिक कार्य, यज्ञ आदि में उसकी उपस्थिति अनिवार्य होती थी। ऐसा आभास होता है कि व्यक्तिगत सम्पत्ति की विचारधारा के विकास के साथ ही स्त्रियों ने अपनी स्वतन्त्र स्थिति को धीरे–ध ीरे खो दिया।

"बचपन में पिता के द्वारा युवावस्था में पति के द्वारा और वृद्धावस्था में पुत्रों के द्वारा स्त्री की रक्षा की जाती है। स्त्रियाँ कभी–भी स्वतंत्रता के योग्य नहीं होती हैं।" यह मनु–संहिता में कहा गया है। जो हिन्दु–धर्मषास्त्र का एक आवश्यक अंग है।

भारतीय इतिहास के मध्यकाल में मुस्लिम शासन का अधिक प्रभाव था उसमें स्त्रियों की स्थिति का और भी पतन हुआ। समाज में व्यापक दशाओं के कारण मुसलमानों की दृश्टि से स्त्रियों को दूर रखने की कोशिश की गई, जिससे 'पर्दा' प्रथा प्रारम्भ हुई, जिससे उनकी उन्नति का मार्ग और भी बन्द हो गया। स्त्री के अस्तित्व और व्यक्तित्व को लूट कर समाज ने उसको सती बताया जो परम्परागत रूप से महान त्याग का सूचक है इसी समय में वेश्यावृत्ति स्त्री जाति की बालत्या, बहुविवाह, कलीनता और बाल–विवाह आदि कुरीतियाँ भी अधिक प्रबल हो चली थी।

अंग्रेजी शासन के आगमन के साथ ही एक नवीन सामाजिक युग का प्राम्भ हुआ। धर्म–प्रचारक

ईसाई संस्थाओं ने हिन्दू सामाजिक ढाँचे में व्याप्त दोशों और अभावों को प्रकाश में लाकर समाज में एक क्रान्ति उत्पन्न कर दी। उन्होंने विधवा विवाह प्रारम्भ करने के लिए भी प्रयास किए।

राजा राममोहन राय पहले समाज सुधारक थे जिन्होंने सती–प्रथा को समाप्त करने का सफल समर्थन किया और इस सम्बन्ध में सन् 1829 में एक कानून पास किया गया। अन्य समाज–सुधारकों ने भी स्त्रियों के उत्थान अधिक प्रयास किये परिणामस्वरूप कुछ सामाजिक सुधारों से स्त्रियों की दुखदायी स्थिति में कमी आई।

जिन समस्याओं का समाधान किया जा चुका था, वह इस प्रकार है।

विधवाओं का पुनर्विवाह, उनकी शिक्षा, पर्दा–प्रथा बाल–विवाह, सम्पत्ति पर उनके अधिकार और आभागी स्त्रियों के कल्याण के लिए कुछ अन्य कार्य भी किये गये।

अधिनियम जो स्त्री कल्याण में सहायक सिद्ध हुए वह निम्नलिखित हैं–

विवाह अधिनियम, 1861 बालविवाह प्रतिबन्ध अधिनियम, 1929 हिन्दु स्त्री सम्पत्ति अधिकार अधिनियम 1937 दहेज प्रथा अधिनियम।

उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम समय में और आगे भी कल्याणकारी संस्थाओं ने 'सेवा सदन' और 'विधवा गृह' व्यापक अनैतिक व्यापार को रोगने के लिए भी सन् 1923 में एक कानून पास किया गया। आजादी के बाद स्वतन्त्र भारत के संविधान ने भी हिन्दुस्तान की आधी आबादी के प्रति अपने कर्तव्य की रस्म अदायगी की और उसे "वीकर सेक्शन ऑफ सोसायटी का दर्जा देकर, उसके कल्याण के लिए उसे बच्चों व अपंग वर्गो के साथ जोड़कर केन्द्रीय समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड के हवाल कर दिया। कुछ अधिनियमों को पारित करने की खानपूर्ती भी की गई, जैसे हिन्दू विवाह एवं विशेश विवाह अधिनियम को हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, गोद लेने व भरण–पोशण सम्बन्धी अधिनियम, बाल विवाह तथा दहेज निशेध अधिनियम इत्यादि।

स्वाधीनता के पश्चात् हमारे समाज में महिलाओं के समर्थन में बनाए गए कानूनों महिलाओं में शिक्षा के फैलाव और महिलाओं की धीरे–धीरे बढ़ती हुई आर्थिक स्वतन्त्रता के बावजूद असभ्य महिलाऐं अब भी हिंसा की शिकार हैं। उनको पीटा जाता है। उनका अपहरण किया जाता है। उनके साथ बलात्कार किया जाता है। उनको जला दिया जाता है। उनकों उत्पीडित करने वाले और हिंसा के अपशधकर्ता कौन लोग हैं ? महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के मूल कारण क्या है।

महिला कल्याण की दिशाऐं –

सन् 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में महिलाओं की संख्या 49.87 करोड़ है, जो देश की कुल आबादी का 48.2 प्रतिशत है।

स्वतन्त्रता के बाद से ही महिलाओं की उन्नति विकास योजनाओं का केन्द्र–बिन्दु नहीं है पिछले 55 वर्शों के दौरान इस सम्बन्ध में नीति–निर्माण में कई परिवर्तन आए हैं। जिसमें 70 के दशक तक 'कल्याण' की संकल्पना से 80 के दशक तक 'विकास' की नीति और 90 के दशक में 'अधिकार' व 21 वी सदी के प्रारम्भिक वर्शों में 'सशक्तिकरण' पर जोर दिया गया है। महिलाओं और बाल विकास विभाग प्रारम्भ से ही महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक स्तर को सुधार लाने के लिए विशेश प्रकार के कार्यक्रम लागू करता रहा है। जिनमें उनके सामाजिक आर्थिक स्तर को सुधार लाने के लिए विशेश प्रकार के कार्यक्रम लागू करता रहा है। विभाग स्वास्थ्य, शिक्षा ग्रामीण व ाहरी विकास आदि जैसे लागू अन्य विकासोन्मुखी कार्यक्रम और महिलाओं को अधिकार सम्पन्न बनाने की दिशा में निरन्तर प्रयासरत है।

महिला कल्याण का क्रमिक इतिहास –

1971 में महिला प्रस्थिति के अध्ययन के लिए एक राश्ट्रीय समिति का गठन किया गया। इस समिति को महिलाओं की सामाजिक स्थिति, शिक्षा और नौकरियों के संवैधानिक कानूनों और प्रशासनिक प्रावधानों को देखना था इन प्रावधानों का पिछले 20 वर्शों में महिलाओं की सामाजिक परिस्थिति पर क्या प्रभाव पड़ा है। तथा उनके उत्थान के लिए प्रभावत्मक योजना पर विचार करना था।

ठस समिति ने छः छोटी ाक्तियों और दो अध्ययन समूह बनाए जो कि विधि, सेवा नियोजन, शिक्षा आर्थिक जीवन के पहलू, राजनीति में सहभागिता, समान्य सामाजिक जीवन और स्वास्थ्य, समस्याऐं में परिवर्तन को देखेंगे।

समिति की कुछ महत्वपूर्ण संस्तुतियाँ इस प्रकार थी –

1) भारत सरकार को महिलाओं के विकास के लिए एक राश्ट्रीय नीति संवैधनिक निर्देशों और प्रावध ानों के आधार पर अपने देश तथा अन्तर्राश्ट्रीय समुदाय के लिए समय समय पर बनानी चाहिए।

2) बाल विवाह अधिनियम का विस्तृत उल्लंघन होता है। विशेशरूप से गाँवों में गुजरात सरकार ने इसको ज्ञात अपराध बना दिया तथा एक बाल विवाह अवरोधक अधिकारी की नियुक्ति कर दी। जैसे कि यू. एन. ने संस्तुति की कि विवाहों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो जाना चाहिए।

3) 1961 का दहेज निवारण कानून अकेला अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में विफल रहा। दहेज के निरन्तर बढ़ते रहने पर भी इस कानून के अन्तर्गत कोई भी मामला दर्ज नहीं किया गया। इस कानून की सबसे बड़ी कमजोरी यह थी। कि इसमें कोई भी वस्तु भेंट और उपहार के रूप में स्वीकृत थी।

4) महिला परिस्थिति ैजंजने वि वउमद) – पर अन्तर्राश्ट्रीय आयोग की 25वीं रिपोर्ट में राश्ट्रीय आयोग या इसी प्रकार की अन्य समिति की नियुक्ति की संस्तुति की गई है। जिससे कि स्त्रियों की

शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा योजना आदि की नीति का पुनरावलोकन किया जा सके।

पंचवर्शीय योजनाओं में महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाऐं – (ैबीमउमे जवत ॅवउमद ॅमसंतम न्दकमत जीम थ्पअम ल्मंत च्संदे) –

पाँचवी पंचवर्शीय योजना (1978–83)– महिला कल्याण योजना के अन्तर्गत सामाजिक और ाारीरिक अक्षमता वाली महिलाओं को प्राथमिकता दी गई। 1978–83 वर्शों के दौरान ग्रामीण और नागरिक कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल के लिए शिशु–सदन ओर बालवाडी केन्द्रों की स्थापना की ओर विशेश ध्यान दिया गया।

छटवीं पंचवर्शीय योजना – महिला कल्याण का एक विशिश्ट अध्याय जोड़ा गया है। स्कूलों में लड़कियों के उच्चतर नामांकन तथा बने रहने के लिए स्कूलों के समीप बालवाडी–शिशु सदन खोले गए जिससे कि लड़कियाँ माँ की नौकरी पर जाने के समय मे शिशुओ की देखभाल में न लगी रहें। अन्य प्रोत्साहन जैसे– स्कूल की यूनीफार्म ड्रेस तथा क़िताबें–स्टेशनरी आदि देने की भी आवश्यकता रही है।

1) ग्रामीण महिलाओं का विकास और अधिकारिता (सर्वशक्ति) परियोजना – (त्नतंस ॅवउमदश क्मअमसवचउमदज दक म्उचवूमतउमदज ैंाजप चतवरमबज) केन्द्र द्वारा प्रायोजित परियोजना के रूप में इसे 16 अक्टूबर 1998 को पाँच वर्श के लिए मंजूर किया गया तथा इसके लिए 186.21 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया।

उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात, झारखण्ड, कर्नाटक और बिहार के 35 जिलों में यह परियोजना चलाई जा रही है।

2) महिला समृद्धि योजना (डीपसं उतपकीप ल्वरदं)– देश की ग्रामीण महिलाओं में बचत की आदत डालने के उद्देश्य से सन् 1993 में महिला समृद्धि योजना ाुरु की गई थी। अब यह योजना इन्द्रिरा महिला योजना में सम्मिलित कर दी गई है।

3) राश्ट्रीय महिला आयोग (छंजपवदंस ब्वउउपेपवद ज्वत ॅवउमद) – राश्ट्रीय महिला आयोग का गठन 31 जनवरी 1992 को राश्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम 1990 के तहत किया गया था।

महिला कल्याण और सहायता सेवाएँ (ॅवउमद ॅमसंतम दक ैनचचवतज ैमतअपबमे)– वर्श 2001–02 के दौरान 840 कामकाजी महिलाओं को रहने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 13 अतिरिक्त होस्टलों की मंजूरी दी गई। इस प्रकार कुल होस्टलों की संख्या 881 हो गई है जिससे 62,308 कामकाजी महिलाऐं लाभान्वित हुई।

महिला रोजगार और प्रशिक्षण – महिलाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के मदद देने का कार्यक्रम

1987 में शुरु किया गया। इसका उद्देश्य कृशि, पशुपालन, हाथकरधा, हस्तशील, कुटीर और ग्राम उद्योग तथा रेशम कीटपालन सामाजिक, वानिकी और बंजर भूमि जैसे महिलाओं की प्रधानता वाले परम्परागत कार्यो में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उनके हुनर में और सुधार करना है।

अब तक 5,63,983 महिलाओं को 131 परियोजनाओं के जरिये इससे लाभ हुआ है। सभी राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों के राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्डों के जरिये इन संगठनों की पहचान की जाती है। वर्श 2001–02 के दौरान 556 स्वयंसेवी संगठनों के जरिए 1,17222 लाख रूपये मंजूर किए गए, जिससे 24,830 महिलाओं को लाभ पंहुचा।

लाडली लक्ष्मी योजना का कियान्वयन – माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिनांक 30 जुलाई 2006 को आयोजित महिला पंचायत के अवसर पर यह घोशणा की गई कि लाडली लक्ष्मी योजना के तहत कल्याओं के जन्म के समय उनके नाम से राशि जमा करने की योजना तैयार की जायेगी जिसके तहत कन्या की आयु 21 वर्श होने पर उसे एक लाख रू. मिलेगें। यह योजना संपूर्ण मध्यप्रदेश में 1 अप्रैल 2007 से लागू की जायेगी।

योजना का स्वरूप –

1) जिसका जन्म दिनांक 1 जनवरी 2006 या उसके पश्चात् हुआ हो, योजना हेतु पात्र होगी।

2) यदि बालिका का योजना में पंजीकरण, बालिका के जन्म के 1 वर्श के अन्दर किया गया हो, या यदि बालिका अपनी माता–पिता की प्रथम सन्तान है, तो द्वितीय सन्तान के जन्म के 1 वर्श के अन्दर किया गया हो।

3) परन्तु यदि प्रथम एवं द्वितीय का जन्म 1 अप्रैल 2007 के पूर्व हो चुका है। तो ऐसी बालिकाओं का पंजीयन, योजना प्रारम्भ होने की तिथि से एक वर्श के अन्र अर्थात् 31 मार्च 2008 तक कराया जा सकेगा।

4) बालिका के नाम से, पंजीकरण के समय रूपये 600/ तथा उसके पश्चात् लगातार 4 वर्शों तक रू. 6000 के राश्ट्रीय बचत पत्र क्रय किये जायेंगे। इस प्रकार कुल राशि रू. 30,000 के राश्ट्रीय बचत पत्र बालिका के नाम, क्रय किये जावेंगे।

योजना से अपेक्षित लाभ –

1) बाल विवाह में कमी।

2) बालिकाओं के शिक्षा के स्तर में सुधार।

3) बालिकाओं के स्वास्थ्य में सुधार।

4) लिंगानुपात में सकारात्मक परिवर्तन।

5) परिवार नियोजन को प्रोत्साहन, विशेशत: दो बालिकाओं के जन्म के बाद बालक के जन्म की चाह में कमी।

6) जनसंख्या वृद्धि दर में कमी।

योजना की कियान्वयन प्रकिया –

1) योजना में पंजीकरण हेतु, आवेदन पत्र का प्रारूप डाकतार विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की परस्पर सहमति से निर्धारित किया जाएगा।

2) आवेदन पत्र वर्श में एक बार या एक ही अधिक बार आमंत्रित करने के संबध में निर्णय लेने के लिए प्रशासकीय विभाग सक्षम होगा।

3) परियोजना अधिकारी प्राप्त आवेदन पत्रों को, उनके कार्यालय में प्राप्त होने की तिथि के अनुकम में पंजी में दर्ज करेगा।

4) बालिकाओं के पक्ष में ऐसे जारी किये गये राश्ट्रीय बचत पत्रों को ाासन के पक्ष में निर्धारित नियमों के तहत प्लेज किया जायेगा, एवं राश्ट्रीय बचत पत्र हितग्राही को उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना कियान्वयन की समीक्षा –

1) योजना की समीक्षा के लिए प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश ाासन, महिला बाल विकास विभाग की अध्यक्षता में एक स्थाई सशक्त समिति गठित की जायेगी, जिसमें सचिव, मध्यप्रदेश ाासन, वित्त विभाग, प्रतिनिधि डाकतार विभाग, सदस्य एवं आयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग सदस्य सचिव रहेंगे। समिति योजना की र्ता नियमों में संशोधन तथा सुधार योजना के अन्तर्गत अंशदान की राशि का पुनर्निक्षण योजना की निरन्तरता समाप्ति के संबध में, अनुशंसा करने हुतु सक्षम होगी। योजना के किसी भी नियम एवं र्त के निर्वधन के सबध में राज्य स्तरीय समिति का निर्णय अंतिम होगा।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार

(पी. नरहीर)
उपसचिव
मध्यप्रदेश ाासन
महिला एवं बाल विकास विभाग, भोपाल

निश्कर्श – आज के इस तथा कथित आधुनिक युग में तो औरत पर दोहरी मार पड़ रही है। एक

ओर तो उसे सामन्ती परम्पराओं, वर्जनाओं और कढ़ियों से जूझना पड रहा है। तो दूसरी ओर भूमण्डलीकरण की भौतिकवादी चकाचौध ने महिलाओं के वस्तुकरण की प्रवृत्ति को चरम सीमा तक पहुँचा दिया है। पूँजीवाद की घोर बाजारवादी होड़ में लगे मुनाफाखोरों द्वारा महिलाओं के जीवन पर नियन्त्रण बढ़ता जा रहा है महिला सशक्तिकरण के इस युग में भी समाचार पत्रों की सुर्खियाँ नारी के प्रति दिनों दिन बढ़ती हिंसा, बलात्कार, दहेज हत्याओं और उत्पीड़न की दिल दहलाने वाली खबरों से भरी रहती है। हर जनगणना के साथ स्त्रियों का प्रतिशत पुरुशों की अपेक्षा गम्भीर रूप से घटता जा रहा है। बालिकाएँ कुपोशण की शिकार हो रही हैं।

सन्दर्भ सूची –

1) विवके प्रकाशन :– समाज कार्य, डॉ. जी. आर. मदन

पृश्ठ :– 112, 113, 115, 117, 120, 122

2) मध्यप्रदेश ाासन – महिला एवं बाल विकास मन्त्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

पृश्ठ :– 06, 07, 08, 09, 10, 11

3) कैलाश पुस्तक सदन :– समाज कार्य , डॉ. डी. एस. बघेल।

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

मेक इन इंडिया

आरती श्रीवास्तव
सहायक प्राध्यापक समाजशस्त्र विभाग
शा. महाविद्यालय नसरूल्लागंज जिला सीहोर

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरु किया गया मेक इन इंडिया अभियान एक नयी योजना है, जिसके तहत विदेशों के कई निवेशकों को भारत में विभिन्न व्ययसायों में पैसा लगाने के लिये एक अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। भारत में बने हुए उत्पादों के लिये राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घरेलू कंपनी के साथ ही बहुदेशीय कंपनीयों को प्रसन्न करने के लिये भारतीय सरकार द्वारा ये एक शुरुआती अभियान चलाया जा रहा है। भारत में रोज़गार लाने के लिये प्रधानमंत्री के द्वारा किया गया ये एक प्रयास है। नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में 25 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री द्वारा इस मुहिम की शुरुआत की गयी थी।

पीएम नरेन्द्र मोदी के द्वारा शुरु हुआ मेक इन इंडिया एक ऐसा अभियान है जो भारत में व्यापार की इच्छा रखने वाले पूरे विश्व भर के बड़े व्यापारिक निवेशकों को सहज बनाता है। इस कार्यक्रम की शुरुआत नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में पीएम के द्वारा 25 सितंबर 2014 हुई। देश के युवाओं के द्वारा सामना किये जा रहे है बेरोजगारी के स्तर को घटाने के लिये भारतीय सरकार के द्वारा ये एक बड़ा कदम उठाया गया है। मंगल मिशन के एक दिन बाद इस अभियान की शुरुआत की गयी थी जब भारत के प्रधानमंत्री के रुप में नरेन्द्र मोदी यूएसए के अपने पहले दौरे पर जाने वाले थे।

इस अभियान को शुरु करने का उद्देश्य भारत को विश्व स्तर का उत्पादन का पावरहाऊस बनाने है जो भातीय अर्थव्यवस्था के बड़े मुद्दे का समाधान करने में जरुर मदद करेगी। मुकेश अंबानी (रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष), अजीम प्रेमजी (विप्रो के अध्यक्ष) आदि सहित भारत के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ नयी दिल्ली में सफलतापूर्वक विदेशी निवेशकों के लिये नये समझौते के साथ इस पहल की शुरुआत हुई।

नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में 25 सितंबर 2014 को मेक इन इंडिया अभियान की शुरुआत की गयी थी। भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के साथ ही एक प्रभावशाली लक्ष्य की ओर भारत को मुख्य भूमिका निभाने के लिये इस अभियान को चलाया गया। ये देश के युवाओं के लिये रोजगार का एक सफल रास्ता उपलब्ध कराता है जो निश्चित ही भारत में गरीबी के स्तर को घटाने और दूसरे सामाजिक मदों में मदद करेगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे विश्व के प्रमुख निवेशकों के लिये मेक इन इंडिया एक आह्वान है, कि भारत आओ और यहाँ उत्पादों के निर्माण के द्वारा अपने व्यापार को बढ़ाओ। भारत के पीएम ने निवेशकों से कहा कि इससे कोई मतलब नहीं कि आप किस देश में अपने उत्पाद को बेच रहें हैं हालाँकि आपको भारत में उत्पादन करना चाहिये। लक्ष्य को पाने के लिये भारत के युवाओं में प्रचुर मात्रा में योग्यता, कौशल, अनुशासन और प्रतिबद्धता है।

मेक इन इंडिया अभियान सभी मुख्य निवेशकों को एक लाभदायक अवसर उपलब्ध कराता है कि आप भारत आये और उपग्रह से पनडुब्बी, ऑटोमोबाईल से कृषि मूल्य योग, विद्युत से इलेक्ट्रॉनिक आदि किसी भी व्यवसाय में निवेश करें। नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में, मुकेश अंबानी, कुमार मंगलम बिरला, साइरस मिस्त्री, अजीम प्रेमजी आदि शिखर के उद्योगपतियों की मौजूदगी में अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये मेक इन इंडिया योजना के संदर्भ में पीएम ने एक घोषणा की।

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए शीर्ष गंतव्य के रूप में 2015 में उभरने के लिए विश्व स्तर पर कार्यक्रम की दीक्षा के बाद , संयुक्त राज्य अमरीका में श्रेष्ठ चीन की पीपुल्स गणराज्य के रूप में रूप में अच्छी तरह आशा व्यक्त की।

इलेक्ट्रॉनिक 2020 तक अमेरिका + 400 अरब के लिए तेजी से वृद्धि की उम्मीद हार्डवेयर के लिए मांग के साथ, भारत संभावित एक इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण हब बनने की क्षमता है । ख16, सरकार ने एक स्तर के खेल मैदान बनाने और एक अनुकूल माहौल प्रदान करके 2020 तक इलेक्ट्रॉनिक्स का शुद्ध शून्य आयात को प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है।

भारत में बनाओ अर्थव्यवस्था के निम्न पच्चीस क्षेत्रों पर केंद्रित हैरू गाडियां ऑटोमोबाइल अवयव विमानन जैव प्रौद्योगिकी रसायन निर्माण रक्षा विनिर्माण इलेक्ट्रिकल मशीनरी इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों खाद्य प्रसंस्करण सूचना प्रौद्योगिकी और बिजनेस प्रोसेस प्रबंधन चमड़ा मीडिया और मनोरंजन खनिज तेल और गैस फार्मास्यूटिकल्स बंदरगाहों और शिपिंग रेलवे नवीकरणीय ऊर्जा सडक और राजमार्ग अंतरिक्ष और खगोल विज्ञान कपड़ा और परिधानों तापीय उर्जा पर्यटन और आतिथ्य कल्याण नई सरकार के अनुसार। नीति 100 : एफडीआई , सब से ऊपर क्षेत्रों में अनुमति दी है अंतरिक्ष (74:), रक्षा (49 :) और समाचार मीडिया (26:) के लिए छोड़कर।

भारत, व्यापार सूचकांक जून 2014 और जून 2015 में भारत से इस अवधि को कवर करने के लिए विश्व बैंक के 2016 आराम में 189 देशों की 130 से बाहर 2015 सूचकांक में 134 वें स्थान पर था शुमार है। भारत 2009 की रिपोर्ट में विश्व बैंक की डूइंग बिजनेस में 17 भारतीय शहरों के एक सर्वेक्षण में भारत में व्यापार करने के लिए शीर्ष पांच सबसे आसान शहरों के रूप में लुधियाना , हैदराबाद, भुवनेश्वर , गुड़गांव, अहमदाबाद और स्थान पर रही।

जनवरी से जून 2015 जनवरी 2015 में, स्पाइस समूह ने कहा कि यह 5 अरब (अमेरिका + 74 मिलियन) के निवेश के साथ उत्तर प्रदेश में एक मोबाइल फोन विनिर्माण इकाई शुरू होगा। एक समझौता ज्ञापन पर स्पाइस समूह और उत्तर प्रदेश की सरकार के बीच हस्ताक्षर किए गए थे।

जनवरी 2015 में, ह्यून बच्चों हॉंग, राष्ट्रपति और सैमसंग दक्षिण एशिया के सीईओ, कलराज मिश्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री (एमएसएमई), के साथ मुलाकात की एक संयुक्त पहल है जिसके तहत 10 एमएसएमई–सैमसंग तकनीकी स्कूल चर्चा करने के लिए भारत में स्थापित किया जाएगा। फरवरी में सैमसंग ने कहा है कि नोएडा में अपने संयंत्र में सैमसंग 1 निर्माण होगा।

फरवरी 2015 में, हिताची ने कहा कि यह पहल करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कहा जाता है कि यह 13,000 करने के लिए 10,000 से भारत में अपने कर्मचारियों में वृद्धि होगी और यह 210 अरब करने के लिए 2013 में 100 अरब से भारत से अपने राजस्व को बढ़ाने की कोशिश करेंगे। इसमें कहा गया है एक ऑटो घटक संयंत्र 2016 में चेन्नई में स्थापित किया जाएगा।

फरवरी 2015 में, हुआवेई बेंगलुरु में एक नए अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) परिसर में खोला गया। यह अमेरिका के + 170 मिलियन का निवेश किया था अनुसंधान और विकास केंद्र स्थापित करने के लिए। यह चेन्नई में एक टेलीकॉम हार्डवेयर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया में भी है, जो अनुमोदन की केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रदान किया गया है।, इसके अलावा फरवरी में, समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने कहा है कि यह पहल के तहत भारत में झींगा किसानों को झींगा अंडे की आपूर्ति करने में दिलचस्पी थी।, फरवरी 2015 में, ग्पंवउप श्री सिटी में एक फॉक्सकॉन रन की सुविध ा में विनिर्माण उंतजचीवदमे शुरू करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार के साथ प्रारंभिक वार्ता शुरू किया। 11 अगस्त 2015, कंपनी ने घोषणा की है कि पहली विनिर्माण इकाई परिचालन किया गया था और ग्पंवउप त्मकउप 2 प्रधानमंत्री, कि एक स्मार्टफोन की सुविधा में इकट्ठा किया गया था की शुरुआत की। उप भारत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनु जैन ने कहा, हम घोषणा की भारत में हमारे गेक इस वर्ष 2015, हमने सोचा कि यह हमारे दो साल लेने के लिए इस विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की शुरुआत में योजना बना रही है। लेकिन हैरत की बात है कि हम स्थापित करने में सक्षम थे सब कुछ है और

हमारे उत्पादन सात महीने के भीतर शुरू कर दिया।

जून 2015, फ्रांस स्थित एलएच उड्डयन भारत में विनिर्माण संयंत्र ड्रोन के निर्माण के लिए स्थापित करने के लिए OIS उन्नत प्रौद्योगिकियों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

जुलाई से दिसंबर 2015 8 अगस्त को 2015, फॉक्सकॉन घोषणा की कि वह अमेरिका + 5 अरब पांच साल से अधिक का निवेश करेगी एक अनुसंधान और विकास और महाराष्ट्र में उच्च तकनीक अर्धचालक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए। ख्33, ख्34, एक सप्ताह पहले, जनरल मोटर्स ने घोषणा की थी कि वह अमेरिका + 1 अरब राज्य में ऑटोमोबाइल के निर्माण शुरू करने के लिए निवेश होगा की तुलना में कम है।

18 अगस्त 2015, लेनोवो घोषणा की कि वह चेन्नई के निकट श्रीपेरंबुदूर में एक संयंत्र, सिंगापुर स्थित अनुबंध निर्माता फ्लेक्सट्रॉनिक्स इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा चलाए में मोटोरोला स्मार्टफोन विनिर्माण संयंत्र शुरू हो गया था लेनोवो और मोटोरोला के लिए अलग लाइनों के निर्माण, साथ ही गुणवत्ता आश्वासन दिया है, और उत्पाद परीक्षण। सुविधा में निर्मित पहला स्मार्टफोन मोटोरोला मोटो ई (2 पीढ़ी) की 4 जी संस्करण था। 16 अक्टूबर 2015, बोइंग के चेयरमैन जेम्स डबछमतदमल ने कहा है कि कंपनी के लड़ाकू विमानों को इकट्ठा और भारत में अपाचे या चिनूक हेलीकाप्टर रक्षा या तो कर सकता है।, कंपनी ने भारत में एफ ६ ए –18 सुपर हॉर्नेट निर्माण करने के लिए यदि भारतीय वायु सेना (आईएएफ) इसे खरीदने के लिए थे तैयार है।

नवंबर 2015 में, ताइवान के अज़गर कॉर्प, जो इस तरह के ब्लैकबेरी, एचटीसी और मोटोरोला जैसी कंपनियों के लिए उपकरणों बनाता है, घोषणा की कि वह नोएडा में एक नया कारखाना, उत्तर प्रदेश में उपकरणों के निर्माण शुरू होगा। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, सरकार के अभियान, देश की बढ़ती खपत के साथ मिलकर श्मेक इन इंडिया, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र सेक्टरों में एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने के लिए एक उत्कृष्ट मामला बन गया है।

दिसंबर 2015 में, क्वालकॉम ने घोषणा की कि यह एक भारत में डिजाइन कार्यक्रम में मदद करने के लिए क्षमता के साथ दस भारतीय हार्डवेयर कंपनियों के लिए ऊपर संरक्षक अभिनव समाधान के साथ आते हैं और उन्हें पैमाने तक पहुँचने में मदद करने के लिए शुरू किया गया था। क्वालकॉम के अध्यक्ष प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था कि वे सितंबर 2015 में सिलिकॉन वैली के उत्तरार्द्ध की यात्रा के दौरान ऐसा होता कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, कंपनी बेंगलुरु में एक इनोवेशन लैब की स्थापना की चयनित कंपनियों के लिए तकनीकी और इंजीनियरिंग समर्थन प्रदान करने के लिए होगा। एवं ही महीने में, माइक्रोमैक्स ने घोषणा की कि यह होगा 3 अरब (अमेरिका + 45 मिलियन) की लागत से

राजस्थान, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में तीन नए विनिर्माण इकाइयों। पौधों 2016 में कामकाज शुरू हो जाएगा, और प्रत्येक 3,000–3,500 लोगों को रोजगार देगा।

दिसंबर 2015 में भारत को जापान के प्रधानमंत्री शिंजो अबे की यात्रा के बाद यह घोषणा की गई है कि जापान को एक अमेरिकी श्जापान–भारत मेकअप में भारत–विशेष वित्त सुविधा ष्कहा जाता है भारत से संबंधित परियोजनाओं में मेक के लिए + 12 अरब कोष की स्थापना की जाएगी।

एक रक्षा सौदा दिसंबर 2015 में रूस के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा जो कामोव केए–226 बहु–भूमिका हेलीकाप्टर भारत में बनाया जा रहा है देखेंगे के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। यह व्यापक रूप से पहले रक्षा सौदा वास्तव में भारत अभियान में मेक के तहत हस्ताक्षर किए जाने के रूप में देखा जाता है।

अगस्त 2015 में , हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारत कार्यक्रम के तहत मेक सुखोई एसयू –30 एमकेआई लड़ाकू विमान के 332 घटकों के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करने के लिए रूस के प्तानज कॉर्प के साथ वार्ता शुरू की। इन घटकों को भी बुलाया लाइन बदलने की इकाइयों (LRUs) दोनों महत्वपूर्ण और गैर महत्वपूर्ण घटकों को देखें और इस तरह के रेडियो और रडार के रूप में चार प्रमुख सिर में गिर जाते हैं य इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम य यांत्रिक प्रणाली और उपकरण प्रणाली है।

रक्षा मंत्रालय के एक ब 600 अरब (8.9 अरब अमेरिकी +) अनुबंध के लिए डिजाइन और भारत में एक लड़ाई पैदल सेना का मुकाबला वाहन (थ्व्ट) के निर्माण के लिए नीलामी की जाती है। अनुबंध T 2016 में सम्मानित किया जाएगा

फरवरी 2016 पद , लॉकहीड मार्टिन ने कहा कि यह था भारत में एफ –16 के निर्माण और भारत पहल में मेक का समर्थन करने के लिए तैयार है, हालांकि यह किसी भी समय सीमा की घोषणा नहीं की। 2015 में, भारत अमेरिका एफडीआई में 63 अरब + प्राप्त किया।

शून्य दोष शून्य प्रभाव ष्एक नारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो उत्पादन तंत्र जिसमें उत्पादों कोई दोष है और इस प्रक्रिया के माध्यम से जो उत्पाद शून्य प्रतिकूल पर्यावरण और पारिस्थितिक प्रभाव है बना है का प्रतीक द्वारा गढ़ा गया है । नारा भी वैश्विक बाजार द्वारा अस्वीकार कर दिया जा रहा से भारत से विकसित उत्पादों को रोकने के लिए करना है।

झारखंड, गुमला के Aarisa Pitha , कश्मीर के ळनौजंइं , पंजाब, Khakhra और गुजरात के Khandvi , बांस भाप मछली , वड़ा और कर्नाटक, खाजा और बिहार और उत्तरें प्रदेश और महाराष्ट्र की पूरन पोली का कबाब की प्दंतें की मेधु वड़ा का चिकन करी किया गया है पारंपरिक क्षेत्रीय भोजन

के रूप में चयनित अभियान में पदोन्नत किया जाना है। ख58,

भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के 35 वें संस्करण नवंबर 2015 में प्रगति मैदान में आयोजित किया है, अपने विषय के रूप में भारत में बनाने के लिए किया था।

सन्दर्भ

http://www.hindikiduniya.com/essay/make-in-india-essay-in-hindi/

"Look East, Link West, says PM Modi at Make in India launch". Hindustan Times. 25 September 2014.

http://www.thehindu.com/news/national/centre-states-to-ready-make-in-india-plan/article6731594.ece?ref=relatedNews

http://www.business-standard.com/article/government-press-release/focus-on-make-in-india-114092501206_1.html

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

अनुसूचित जनजाति विकास में विधिक प्रावधान

सुश्री ताई चौरसिया

स्टेट लॉ कालेज, भोपाल

संक्षेपिका :

विधि का निर्माण समाज कि अनुकूलता के अनुसार किया जाता है। आज के परिवेश में कल्याणकारी राज्य के नागरिक है जिसका कर्तव्य है कि जनसाधारण के सुरक्षा एवं समृद्धि को अभिवृद्धि करना है। समाज के दुर्बल वर्ग में शामिल अनुसूचित जनजाति समुदाय का भी आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक विकास हो ताकि वे अपना योगदान देश के विकास के मुख्यधारा में जोड़ सकें इसलिए केन्द्र व राज्य सरकार उनके चहुँमुखी विकास के लिए कटिबद्ध है। उनकी रक्षा व विकास के लिए अधिनियमों को लागू किया जिसमें प्रथम भारतीय संविधान 1950, अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989, वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006, पंचायत अधिनियम 1996 म.प्र. भू–राजस्व अधिनियम 1959 लागू किये व समय–समय पर संशोधन भी किया गया और लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना के लिए आदर्श ढांचे की संकल्पना है।

प्रस्तावना–

अनुसूचित जनजाति का इतिहास जहाँ एक ओर उनकी वीरता और समृद्धिशाली होने का प्रमाण प्राप्त होता है। वहीं उन्होनें मानवीय मूल्यों के संरक्षण के लिए भी प्रयास किया, अनुसूचित जनजाति वर्गो के लिए नये नीतियों का कानून कर निर्माण कर इन वर्गो को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का

प्रयास किया है। ताकि विभिन्न अधिनियम एवं कल्याणकारी योजनाओं का सही रूप से समुचित क्रियान्वयन अनुसूचित जनजाति समुदाय में परिवर्तन व विकास कर सकें और अपना योगदान देश के विकास में दे सकें।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रावधान–

अनुसूचित जनजाति संबंधित विधिक प्रावधान–

1. भारतीय संविधान 1950

संविधान में अनुसूचित जनजातियों के लिए किए गए संवैधानिक सुरक्षा व सुविधाएं प्रदान कर उन्हें देश की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया।

अनुसूचित 14–विधिक के समक्ष समता

अनु. 15– धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जलस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध।

अनु. 15(4) 16(4) अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के

अनु. 46– समाज के दुर्बल वर्गो के शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की अभिवृद्धि, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की शिक्षा तथा अर्थ संबंधी प्रावधान सामाजिक अन्याय तथा सब प्रकार के शोषण से उनकी सुरक्षा करेगा।

अनु. 259 क. अनुसूचित जनजातियों से प्रशासन और नियंत्रण से संबंधित उपलब्ध।

अनु. 243 घ (1) अनुसूचित जनजातियों के पंचायत स्तर पर आरक्षण।

अनु. 349 – 342 = अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां को परिमापित किया।

अनु. 330 – लोकसभा में आरक्षण अनु. 332 विधानसभा में आरक्षण।

अनु. 338 (क) में अनुसूचित जनजातियों के राष्ट्रीय आयोग का गठन किया जायेगा।

अनूसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अत्याचार (निवारण) अधिनियम 1989 का उद्देश्य– अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों पर अत्याचार का अपराध को करने का निवारण करने के लिए ऐसे अपराधों के विचारण के लिए विशेष न्यायालयों का तथा ऐसे अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों को राहत देने का और उसके पुनर्वास का तथा उससे संबंधित या उसके अनुषांगिक विषयों का उपबंध करने के लिये अधिनियम।

- धारा 3(2) में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के विरूद्ध कोई भी व्यक्ति झूठा साक्ष्य गढ़ेगा या फंसाने का प्रयास कराना है मिथ्या साक्ष्य पर यदि कोई व्यक्ति दोष सिद्ध किया जाता है और फांसी की सजा दी जाती है तो वह व्यक्ति जो ऐसा मिथ्या साक्ष्य देता है उसे भी मृत्यु दण्ड से दण्डनीय हो सकेगा।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम 2005

भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को जिसमें अनुसूचित जनजाति एवं समाज के अन्य पिछड़े हुऐ लोगों को जो मौसमी बेरोजगारी और आजीविका के लिए वनों एवं ठेकेदारों द्वारा जमीदारों पर आश्रित होकर अपना जीवन यापन करते थे, उन्हें सुनियोजित रूप से रोजगार की गारंटी हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन गारंटी अधिनियम 2005 भारत शासन द्वारा पारित किया गया।

अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी .

अधिनियम 2006 वन में निवास करने वाली ऐसी अनुसूचित जनजातियों और अन्य परम्परागत वन निवासियों के जो ऐसे वनों में पीढ़ितों से निवास कर रहे है वन अधिकारों को अभिलेखित करने के लिए संरचना का और वनभूमि के संबंध में अधिकारों को ऐसी मान्यता देने और निहित करने के लिए अपेक्षित साक्ष्य की प्रकृति का उपबंध करने के लिए अधिनियम लंबे समय से चला आ रहा है भूमि संबंधी असुरक्षा तथा वनो में पहुँच के अधिकारों पर ध्यान दिया जाए। परम्परागत वननिवासियों को उनके अधिकारों की संरक्षित करने के लिए इन अधिकारों की मान्यता दी है।

राज्य स्तरीय विधिक प्रावधान –

मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक आवादी वाला प्रांत है। अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों के शैक्षिक, बौद्धिक आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, चहुँमुखी विकास के लिये राज्य सरकार द्वारा कई अधि ानियम को लागू किया गया।

मध्यप्रदेश आबकारी (संशोधन) अधिनियम 1997

देशी मदिरा के विनिर्माण उसके कब्जे तथा साथ आदिवासियों के द्वारा देशी मदिरा का निर्माण केवल घरेलू उपभोग तथा सामाजिक और आर्थिक इस प्रकार देशी मदिरा के कब्जे को अधिकतम सीमा प्रति व्यक्ति 4.5 लीटर और प्रति परिवार 15 लीटर विशेष परिस्थितियों में सामाजिक तथा आर्थिक समारोह के अवसर पर प्रति परिवार 45 लीटर होगी परन्तु ग्राम सभा देशी मदिरा के कब्जे की सीमा को कम कर सकेगी।

मध्यप्रदेश भू–राजस्व अधिनियम 1959

धारा 165(6) में अंतविष्ट किसी बात के होते हुए भी राज्य सरकार ने उस संबंध में अधिसूचना द्वारा उसे पूरे क्षेत्र के लिए जिसकी यह कोड लागू होताहै आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करती है।

भू–अर्जन एवं पुनर्वास (राजस्व) 1996

अनुसूचित क्षेत्रों में व्यवस्थापन एवं पुनर्वास से पूर्व समुचित स्तर को पंचायत या ग्राम सभा से परामर्श किया जाएगा तभी भू–अर्जन की कार्यवाही की जाये।

बांधित श्रम पद्धति (उत्सादन) 1976

उस अधिनियम का उद्देश्य समाज के दुर्बल वर्गो अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक शारीरिक शोषण का निवारण करने के उद्देश से बंधित श्रम पद्धति के उत्सादन का अनुषांगिक विषयों का उपबंध करने के लिए बनाया गया है।

म.प्र. अनुसूचित जनजाति राहत योजना नियम 1979 में पड़े जनजातीय परिवारों को तुरंत सहायता प्रदान करने संबंधी नियम।

म.प्र. पंचायत राज अधिनियम 1993– संविधान ने अनु. 243 के 73वां संविधान संशोधन अधिनियम सत्र 1993 के द्वारा पंचायत राज व्यवस्था को लागू करने का संकल्प किया गया संशोधित 1996 किया गया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश अधिनियम 1995– मध्यप्रदेश जनजाति आयोग का गठन किया गया है अनुसूचित जनजाति वर्गो के हितों के संरक्षण के लिए हितप्रहरी की भूमिका निर्वाह कर रहा है।

निष्कर्ष–

भारत का संविधान संपूर्ण नागरिकों के साथ समानता एवं व्यक्तित्व के विकास का मार्ग प्रदान करती है। वहीं जनजातियों के समुचित विकास के लिए विशेष प्रावधानों के संकल्पना को भी समाहित किया है। मध्यप्रदेश शासन ने भी इन वर्गो के बेहतर विकास एवं शोषण एवं अत्याचार से युक्ति के लिए म.प्र. राजस्व अधिनियम 1959, म.प्र. पंचायत राज अधिनियम 1996 भूमि अर्जन अधिनियम 1994 पुनः 2014 में नया भूमि–अर्जन अधिनियम पारित किया गया इससे इस वर्गो के सामाजिक, आर्थिक राजनैतिक विकास का मार्ग प्रशस्त होने की आशा है इनके विकास के लिए पर्याप्त विधियॉ अधि ानियमित की जा चुकी उनका दृढ़ता से क्रियान्वयन किया जाय ताकि अनुसूचित जनजाति वर्गो के लोगों को पिछड़ेपन गरीबी अशिक्षा, शोषण से मुक्त किया जा सकता है।

संदर्भ सूची :–

1. भारत की संविधान जयनारायण पाण्डेय 2014 47वॉ संस्करण सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी इलाहाबाद।
2. वन अधिनियम 1927
3. श्रीवास्तव डॉ. ए.आर.एन. जनजातीय भारत म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल 2006

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

"भारत में कौशल विकास"

डॉ. सीमा श्रीवास्तव
सहा. प्राध्यापक– समाज शास्त्र
शासकीय कला महाविद्यालय कटंगी
जिला– बालाघाट

भारत विश्व में तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। इस स्थिति को और बेहतर बनाने के लिये आवश्यकता है– युवाओं में कौशल विकास दक्षता की। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 25 वर्ष से कम आयु के लोगों की जनसंख्या लगभग 60.5 करोड़ है जो कि देश के सामाजिक आर्थिक विकास को नई ऊँचाईयों तक पहुँचाने की क्षमता रखती है। स्वामी विवेकानंद के अनुसार युवा में वह जोश व क्रियाशीलता होती है जो विश्व को एक नई दिशा दे सकता है। वर्तमान में भारत को विश्व में शिखर पर पहुँचे देशों में अपना नाम शामिल करने हेतु उच्च गुणवत्ता वाले हुनरमंद लोगों की आवश्यकता है। भारत के युवाओं में अपार क्षमता है इस क्षमता को सही दिशा देने के लिये उन्हें प्रशिक्षित करने व उनके कौशल को निखारने की आवश्यकता है। श्रम ब्यूरो की वर्ष 2014 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में औपचारिक रूप से कुशल कार्यबल का केवल 2 प्रतिशत ही उपलब्ध है। अतः एक बड़ी संख्या में लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।इस तथ्य को ध्यान में रखकर भारत में कौशल विकास एवं उद्यम मंत्रालय बनाया गया है। इस मंत्रालय को कौशल प्रशिक्षण के लिये एक निश्चित कार्ययोजना बनाने का दायित्व सौंपा गया है। जो देश की वर्तमान व भविष्य की आवश्यकता के अनुरूप व्यवसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराये। पहले से ही प्रारंभ 20 अलग–अलग मंत्रालयों के 60 विभिन्न कार्यक्रम अब कौशल विकास मंत्रालय के अधीन आ गये हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने 159

भागीदारों के साथ 27 राज्यों और पॉच केन्द्र शासित प्रदेशों के 356 जिलों में 1408 केन्द्रों के 82 लाख लोगों के प्रशिक्षण की क्षमता विकसित की है।

शिक्षा और कौशल विकास दोनों का ही मुख्य उद्देश्य रोजगार प्राप्त करना है। भारत में प्रचलित वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवाओं को डिग्रीधारी बनाने में तो सक्षम है किन्तु उन्हें कौशल दक्ष बनाने में हम कहीं बहुत पीछे रह गये हैं। कौशल दक्षता का वैश्विक अवलोकन करने पर हम पाते हैं कि ब्रिटेन में 70 प्रतिशत, जर्मनी में 75 प्रतिशत, जापान में 80 प्रतिशत व दक्षिण कोरिया में 96 प्रतिशत कार्यबल कुशल कार्यबल है जबकि इनकी तुलना में भारत में वर्ष 2014 की श्रम ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार केवल 2 प्रतिशत प्रशिक्षत कार्यबल है। इस स्थिति की जिम्मेदार हमारी शिक्षा व्यवस्था ही है। शिक्षाविद्रो व सरकारों ने इस विषय पर विचार करने के बाद यह पाया कि केवल सिद्धांतो का ज्ञान होना ही काफी नहीं है इसके लिये प्रायोगिक क्षमता को विकसित करने की आवश्यकता है यह क्षमता कौशल विकास प्रशिक्षण द्वारा संभव है। वर्तमान परिदृश्य में आज देश के विश्वविद्यालयों से अनेक ऐसे डिग्रीधारी युवा रोजगार की तलाश में घूम रहे हैं जो प्रतिभाशाली तो हैं लेकिन उनमें योग्य कौशल की कमी है। आज विश्व में भारत की बौद्धिक क्षमता का लोहा सभी मानते हैं लेकिन शिक्षा को कौशल विकास के साथ न जोड़ने के कारण आज हम कहीं बहुत पीछे रह गये हैं। अतः वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता है शिक्षा के साथ कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराना।

कौशल विकास की अवधारणा व्यवसायिक शिक्षा से जुड़ी हुई है। प्रारंभिक अवस्था में इसमें आई. टी.आई. के माध्यम से औद्योगिक कुशलता प्रदान किया जाता था। बाद में वर्ष 2015 में केन्द्र सरकार द्वारा "स्किल इंण्डिया" के रूप में एक महत्वाकांक्षी मिशन प्रारंभ किया गया।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनाः– यह युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने हेतु एक महत्वपूर्ण योजना है जिसमे प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा युवाओं को बेहतर शिक्षण व व्यक्तित्व विकास का लक्ष्य रखा गया है। इसकी एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें 10वीं, 12वीं की पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले विद्यार्थियों में कौशल विकास का प्रशिक्षण देने पर अधिक जोर दिया गया है। इसके लिये वर्तमान में छंजपवदंस ापसस कमअमसवचउमदज बवतचवतंजपवद के लगभग 2300 केन्द्रों पर 187 प्रशिक्षण साझेदारों के साथ मिलकर प्रशिक्षण का क्रियान्वयन किया जाना है। इसके मुख्य बिन्दु इस प्रकार हैं–

लक्ष्य – 14 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करना।

बजट – 120 करोड़ रूपये।

माध्यम– ऑनलाईन नागरिक पोर्टल, बायोमीट्रिक सिस्टम, वीडियो रिकार्डिंग।

बाधा – शिकायत निवारण केन्द्र।

प्रचार – स्थानीय स्तर पर कौशल मेलों का आयोजन।

राष्ट्रीय कौशल एवं उद्यम विकास नीतिः– "मेक इन इन्डिया अभियान को पूरा करने के लिये कौशल व उद्यम विकास मंत्रालय की स्थापना की गई है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने हेतु वर्तमान आवश्यकताओं के संदर्भ में लोगों को प्रशिक्षित करना है। इस हेतु कौशल व उद्यम विकास मंत्रालय के द्वारा "राष्ट्रीय कौशल व उद्यम विकास नीति" बनाई गई है, जिसमें वर्ष 2022 तक 50 करोड़ लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

राष्ट्रीय कौशल विकास मिशनः– प्रधानमन्त्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन कार्य कर

राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन–

- राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद
  - ↓
  - नियमों का निर्माण व लागू करने हेतु रणनीति बनाना।
- अटल नवाचार मिशन
  - ↓
  - शिक्षाविदों, उद्यमियों व शोधकर्त्ताओं के सहयोग से नवाचार व अनुसंधान को बढ़ावा देना।
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम
  - ↓
  - ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना।

क्षेत्रों में निवास करती है। अतः इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण विकास मंत्रालय के द्वारा ग्रामीण निर्धन परिवारों के युवाओं के कौशल विकास व स्वरोजगार हेतु यह योजना प्रारंभ की गई है। इसकी मुख्य विशेषता यह है कि– 1. इसमें वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

2. अनिवार्यतः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के 50 प्रतिशत, अल्पसंख्यक 15 प्रतिशत व 33 प्रतिशत महिलाओं को इस योजना में शामिल किया जायेगा।

3. लगभग 75 प्रतिशत प्रशिक्षितों के रोजगार की गारंटी होगी।

कौशल विकास का मुख्य उद्देश्यः– "स्किल इण्डिया" देश के युवाओं को विभिन्नि कार्यों में

प्रशिक्षित करने की एक महत्वपूर्ण योजना है। इसके प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार है:–

युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल दक्षता प्राप्त करने के लिये प्रेरित करना।

कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार योग्य बनाना।

देश को प्रशिक्षित कार्यबल उपलब्ध कराना जिससे विभिन्न क्षेत्रों में देश की उन्नति हो।

अन्य देशों की माँग के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षित करना ताकि देश के युवाओं को अधिक संख्या में रोजगार मिल सके।

कौशल दक्षता से युवाओं को बेहतर रोजगार प्राप्त हो।

युवाओं को बेहतर रोजगार मिलने से देश का सामाजिक आर्थिक विकास संभव हो सकेगा।

नये छोटे उद्यमी और रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराना।

नवाचारों को प्रोत्साहित करना।

चुनौतियाँ:–

कौशल विकास कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिये आवश्यक है कि कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का पर्याप्त प्रचार प्रसार हो साथ ही सबसे महत्वपूर्ण है कौशल विकास प्रशिक्षकों को भी आवश्यकता आधारित कौशल प्रशिक्षण से अपडेट होते रहना होगा। देश के वर्तमान परिदृश्य में कौशल विकास कार्यक्रम के समक्ष कई चुनौतियाँ हैं । वर्तमान में रोजगार के अवसरों में 90 प्रतिशत व्यवसायिक योग्यता की आवश्यकता है जबकि इसके विपरीत 90 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं में केवल किताबी शिक्षा दी जाती है। विगत दशक में रोजगार के क्षेत्र में तीव्र परिवर्तन हुआ हैं। परंपरागत माँग से हटकर आई.टी., आई.टी. आधारित उद्योग, बायोटेक्नोलॉजी, डिजायन, वित्त, बीमा, सत्कार, ट्रैवल, मीडिया के क्षेत्र में तेजी से रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं किन्तु यदि हम बड़े नगरों के प्राइवेट संस्थानों को छोड़ दे तो नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत शिक्षा पाठ्यक्रम ही प्रचलित हैं। अतः उपरोक्त क्षेत्रों में बढ़ती हुई माँग को पूरा करना कठिन हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि पर आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु संस्थान की स्थापना व नये पाठ्यक्रम लागू कर स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा दिये जाने की आवश्यकता है। ऐसे कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने की आवश्यकता है जिसमे देश की युवा जनसंख्या को देश के साथ–साथ विदेशों में भी अच्छे रोजगार प्राप्त हो सके। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वंय को स्थापित करने के लिये हमें अंतर्राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुसार कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना करनी होगी।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि भारत के वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा व्यवस्था को कौशल विकास के साथ जोड़ने की जो प्रक्रिया प्रारंभ हुई है उसे निरंतर आगे बढ़ाना होगा। यदि हम वर्ष 2014 की श्रम

ब्यूरो की रिपोर्ट को आधार बनाये तो भारत में आवश्यक कुशल कार्यबल का केवल 2 प्रतिशत ही प्रशिक्षित कार्यबल प्राप्त होता है। यह स्थिति तब है जबकि देश में वर्तमान में विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से लगभग 31 लाख लोगों को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निश्चित ही इसके लिये हमें बड़े स्तर पर दृढ़इच्छा शक्ति के साथ प्रयास करने की आवश्यकता है। देश के वर्तमान परिदृश्य में कौशल विकास कार्यक्रम के समक्ष मुख्य चुनौतियाँ इस प्रकार हैं:–

सबसे बड़ी चुनौती एक बड़ी जनसंख्या को प्रशिक्षित करना।

बड़ी जनसंख्या को प्रशिक्षित करने हेतु एक बड़ी संख्या में कुशल प्रशिक्षकों की आवश्यकता।

प्रशिक्षण हेतु तकनीकी संसाधन की अनुपलब्धता।

कौशल विकास के प्रशिक्षण के लिये युवाओं को प्रोत्साहित करने की निश्चित योजना का अभाव।

वर्तमान शिक्षा प्रणाली जो व्यक्ति को डिग्री प्राप्त करने के लिये तो प्रोत्साहित करती हैं किन्तु कौशल विकास के लिये नहीं।

अंतर्राष्ट्रीय आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण की व्यवस्था।

ग्रामीण जनसंख्या में शिक्षा की स्थिति।

युवाओं को उनकी योग्यता व रूचि के अनुरूप प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।

ऐसे कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने की आवश्यकता है जिसमे देश की युवा जनसंख्या को देश के साथ–साथ विदेशों में भी अच्छे रोजगार प्राप्त हो सके।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वंय को स्थापित करने के लिये हमें अंतर्राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुसार कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना करनी होगी।

आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकसित करने के लिये अलग–अलग क्षेत्रों के लिये पाठ्यक्रम में ऐसे मॉडल बनाने की आवश्यकता हैं जिसमे व्यक्ति क्षेत्र विशेष में दक्षता प्राप्त कर ले।

भारतीय शिक्षा पद्धति को पुस्तकीय ज्ञान से बाहर लाने की आवश्यकता है।

भारत में कौशल विकास का तात्पर्य है आई.टी.आई. जहाँ ऐसे पाठ्यक्रम प्रचलित हैं जो चलन से बाहर हैं और जो चल भी रहे हैं तो आई.टी.आई का चयन अंतिम पायदान पर होता है जब विद्यार्थी के सामने कोई विकल्प नहीं बचता।

भारत के वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा को व्यवसायिक दक्षता यानि की कौशल विकास से जोड़ने की अत्यंत आवश्यकता है। इस कार्य को करने के लिये दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। साथ ही इसमे सरकारी संगठन गैर सरकारी संगठन निजी क्षेत्रों को मिलकर कार्य योजना बनाकर उसे कार्यान्वित करना होगा। इसमे इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि युवाओं को इस तरह का

कौशल प्रशिक्षण दिया जाये जो वर्तमान आवश्यकताओं के साथ–साथ बदलते परिदृश्य में भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप भी हो। वर्ष 2015 के बजट में प्रत्येक पॉच किलोमीटर पर एक उच्च विद्यालय से लेकर उच्च तकनीकी संस्थान के साथ–साथ कौशल विकास संस्थान खोलने की बात कही गई है। आज हमारे पास विचार करने का समय नही है बल्कि यह निर्णय लेने का समय है कि शिक्षा को कौशल विकास के साथ इस तरह समायोजित कर दिया जाये कि युवा वर्ग रोजगार के लिये यहाँ वहाँ न भटके बल्कि स्वंय दूसरों को रोजगार देने में संक्षम हो।

संदर्भ :–

कुरूक्षेत्र – सितबर 2016, मार्च 2014

जून 2015, अक्टूबर 2014

मार्च 2015, अक्टूबर 2015

अप्रैल 2015

योजना – सितंबर 2013

मार्च 2015

अक्टूबर 2015

दिसबर 2015

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

उच्च शिक्षा में परिवर्तन, चुनौतियां एवं उपलब्धियां

डॉ. (श्रीमती) अमोल मांजरेकर
प्राध्यापक – अर्थशास्त्र
शा. कन्या महाविद्याालय सीहोर (म.प्र.)

वर्तमान समय निरंतर समृद्धि एव विकास का है। आज सम्पूर्ण विश्व आधुनिक तकनीक एवं इन्टरनेट से जुड़े होन के कारण हर क्षेत्र में प्रतिपल नई गतिविधियों से प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। समग्र विकास की आधारशिला या नींव की दिशा में विचार करने पर परिलक्षित होता है कि उत्कृष्ट शिक्षा एवं संस्कार ही इसके प्राथमिक सोपान है जिनको आधार बनाकर सफलता के अपने ध्येय को प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा के विभिन्न सोपानों में उच्च शिक्षा विद्यार्थी के व्यक्तित्व को आकार देने और उसे साकार करने में अपना योगदान देती है। आवश्यकता इस बात की है कि उसकी महत्ता को हम अपने वास्तविक जीवन में कितना उतार पाने में सफल होते हैं। एक विद्यार्थी को अपने समग्र जीवन में स्वयं को समर्थ एवं योग्य बनाने हेतु उच्च शिक्षा प्रवेश द्वार है। आवश्सकता इस बात की है कि उसे गुणवत्ता परक बनाया जाए।

गुणवत्ता किसी भी योजना या क्रियान्वयन के तरीकों को थोपने से नहीं आती, बल्कि नैतिक मूल्यों की स्थापना, उनकी रक्षा एवं सतत प्रयत्नों से प्राप्त होती है। शासन का उद्देश्य भी उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को विकसित करने के लिए अपेक्षित वातावरण सुलभ कराने का है। शिक्षा के स्वरूप को दृष्टिगत रखते हुए यदि आधुनिक शिक्षा पर विचार किया जाए तो शिक्षा प्रणाली को अद्यतन बनाने हेतु गुणवत्ता को बढ़ाना या गुणवत्ता परक बनाना आज की तीव्रतम आवश्यकाता है इस हेतु इसे विभिन्न आयामों की कसौटी पर खरा उतरना होगा। शासन द्वारा इस हेतु एक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् की स्थापना की गई है जो महाविद्यालयों में एक निश्चित समय के उपरांत (5 वर्ष) कुछ पहलुओं

के अन्तर्गत उनका मूल्यांकन करती है। विद्यार्थियों हेतु सुलभ रोजगार की प्राप्ति के लिये स्ववित्तीय पाठ्यक्रम महाविद्यालयों द्वारा संचालित किये जाते है। अध्ययन और अध्यापन के तरीकों में नवाचार अपनाए जा रहे है। म.प्र. में इसके अन्तर्गत सेमेस्टर पाठ्यक्रम लागू किया गया है इसमें सतत समग्र मूलयांकन के सी.सी.ई द्वारा विद्यार्थियों के अध्ययन का मूल्यांकन किया जाता है। सत्र में दो बार परीक्षा का आयोजन किया जाता है। वर्च्युअल कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रासंगिक शिक्षा प्राप्त करने में आसानी होती है। अध्यापन प्रश्नोत्तर, संवाद पद्धति, ग्रंथालय में जाकर अध्ययन में मदद, वस्तुनिष्ठ प्रश्न बनाना आदि के माध्यम से सम्पन्न किये जाते है।

प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को रचनात्मक अनुसंधान के लिए प्रेरणा देने हेतु राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन, सहभागिता, आलेख प्रस्तुत करना, शोध पत्र देना जैसे कार्य किए जाते है। पत्रिकाओं में भी शोध पत्र भेजे जाते है जो कि राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की होती है।

अकादमिक पक्ष के साथ–साथ महाविद्यालय अधोसरंचनात्मक स्तर से भी समृद्ध हो अधोसंरचना में महाविद्यालय के भवन, पुस्तकालय, वाचनालय, क्लास रूम, खेल के मैदान, फर्नीचर आदि का आवश्यकतानुसार सुलभ होना अनिवार्य है। उनका समुचित उपयोग एवं देखरेख आवश्यक है।

विद्यार्थियों में समग्र विकास हेतु पाठ्येत्तर गतिविधियां, उनका समुचित संचालन होना भी आवश्यक है। महाविद्यालय में ये कार्य वार्षिकोत्सव, युवा उत्सव, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रास, क्रीड़ा गतिविधियां, विभिन्न साप्तहिक कार्यक्रम, पखवाड़े, महत्वपूर्ण दिवस, राष्ट्रीय दिवस, कार्यशाला आदि के माध्यम से आयोजित किये जाते है। महाविद्यालय में क्रीड़ा गतिविधियों का महत्वपूर्ण स्थान है। क्रीड़ा गतिविधियों में जिला स्तर, संभाग स्तर, विश्वविद्यालय स्तर एवं राष्ट्रीय पर सहभागिता विद्यार्थी द्वारा किये जाने पर रोजगार प्राप्ति के अवसर बढ़ जाते है।

महाविद्यालय का प्रबंधन और प्रशासन के तौर–तरीके शासन के नियमानुसार, स्पष्ट सरल, आसान एवं पारदर्शी हो इस बात का ध्यान रखा जाता है। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास हो इस हेतु विद्यार्थियों को मंच पर लाकर व्याख्यान देने हेतु प्रेरित किया जाता है। पूर्व विद्यार्थियों से उन्हें प्रेरणा प्राप्त हो इसलिए पूर्व छात्र संगठन का गठन किया जाकर पूर्व छात्रों को गरिमायुक्त वातावरण में आमंत्रित किया जाता है। वर्तमान छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव वर्तमान छात्रों में साथ साझा करने में पूर्व छात्र स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते है। नवाचारी प्रयोगों में विद्यार्थियों से कुछ नये विचार असेम्बली में बुलवाए जाते हैं। एक प्रश्न पुस्तकालय में लिखवाया जाकर उन्हें दूसरे दिन उसका उत्तर देने हेतु कहा जाता हैं। इस हेतु उन्हें पुरूस्कृत भी किया जाता है।

बदलती व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में हमारी नैतिकतापूर्ण, गुणवत्तापूर्ण व व्यक्तित्व–निर्माण केंद्रित शिक्षा–पद्धति

कहाँ तक अपनी अस्मिता को अक्षुण्ण बनाये रखने में समर्थ है– विचारणीय प्रश्न है । निस्संदेह हम मैकाले की शिक्षा–पद्धति को पानी पी–पीकर कोसने से बाज नहीं आते, पर आज तक मैकाले की भूतात्मा हमारा पीछा नहीं छोड़ रही है, जिसके लिए मैकाले कहीं से भी जिम्मेदार नजर नहीं आते । भूमंडलीकरण के इस दौर में हम अपनी ही पहचान खोते जा रहे हैं । पूरे विश्व में जो शैक्षणिक व्यवस्था है, उसके तीन घटक हैं– छात्र, अध्यापक और अभिभावक । इन तीनों के समन्वय के बगैर शैक्षणिक त्रिभुज के निर्माण की परिकल्पना ही बेमानी है। विद्यालयी पढ़ाई करने वाले नौ छात्रों में से एक ही कॉलेज पहुँच पाता है । उच्च शिक्षा हेतु पंजीकरण कराने वालों का अनुपात हमारे यहाँ दुनिया में सबसे कम 11 : है, जबकि अमेरिका में यह 83 प्रतिशत है । इस अनुपात को 15 प्रतिशत तक ले जाने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु भारत को 2,26,410 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा, जबकि 11वीं योजना में इसके लिए केवल 77,933 करोड़ रुपये का ही प्रावधान किया गया ।

हमारे यहाँ चारों तरफ अनास्था का माहौल पनप रहा है । गुरु–शिष्य संबंध का घनत्व घट रहा है। उच्च शिक्षा की स्थिति बेहतर बनाने के लिए विशवविद्यालय अनुदान आयोग का गठन हुआ तो जरूर, पर आज कुलपति का दायित्व संभाल रहा व्यक्ति भी अपने पद की गरिमा के साथ न्याय नहीं करता। कुछ लोग जेल जा चुके हैं और कुछ जाने की राह पर हैं । अगर स्थिति यही रही, तो विश्वविद्यालय जैसी स्वायत्त संस्था की विश्वसनीयता संदेहास्पद होती चली जायेगी । आज शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का जितना प्रतिशत खर्च होना चाहिए, वो नहीं हो पा रहा है । बकौल भारत सरकार के उच्च शिक्षा सचिव, अशोक ठाकुर, "शोध पर 0.8 : खर्च हो रहा है, जबकि कम–से–कम 2 प्रतिशत खर्च होना चाहिए । रक्षा और अन्य मंत्रालयों का बजट लम्बा–चौड़ा होता है, पर शिक्षा की अनदेखी होती है । समय पर प्राध्यापकों को वेतन नहीं मिलता, फलतः हड़ताली संस्कृति विकसित होती चली जा रही है, जिसका खामियाजा अन्ततः छात्रों को भुगतना पड़ता है"। शिक्षा मंत्रालय की जगह भारत सरकार ने इसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय कहना शुरु कर दिया है । ब्रिटेन में भी इसे 'शिक्षा और कौशल मंत्रालय' तथा ऑस्ट्रेलिया में 'शिक्षा, रोजगार व कार्यस्थल संबंध मंत्रालय' कहा जाता है। उच्च शिक्षा पर बहस तब बेमतलब लगने लगती है, जब यह तथ्य जेहन में उभरता है कि तीन साल पहले बिहार के विश्वविद्यालयों में एक ही जाति के छह कुलपति नियुक्त थे और इसके पीछे की कहानी सबको मालूम है। हर सियासतदां अपने इलाके के वि.वि. में अपनी ही जाति का कुलपति नियुक्त करवाने के लिए पैरवी करता है । राज्यपाल जैसे वैधानिक व जिम्मेदार पद पर बैठे आदमी की इतनी किरकिरी पहले कभी नहीं हुई थी, जिनसे विधान पार्षद कुलपति पद की कथीमत पूछकर उनके कुकृत्यों की विधानमंडल के संयुक्त सत्र में बखिया उधेड़ी हो । कुछ साल पहले पांडिचेरी के शिक्षा

मंत्री के स्थान पर कोई अन्य विद्यार्थी उनके लिए माध्यमिक परीक्षा दे रहा था । ऐसे में उच्च शिक्षा में सुधार की संभावना को आघात लगता है ।

उच्च शिक्षा में सुधार हेतु कोठारी आयोग, प्रोफेसर यशपाल कमिटि आदि का गठन हुआ, रिपोर्टें भी आयीं । 1986 ई. में रोजगारोन्मुखी नयी शिक्षा नीति भी लायी गयी, पर आज भी हम एक अदद मूल्यपरक शिक्षा–नीति की बाट जोह रहे हैं । नैसकॉम और मैकिन्से के ताजा शोध के मुताबिक मानविकी में 10 में एक और अभियंत्रण मे डिग्री प्राप्त 4 में से एक भारतीय छात्र ही नौकरी पाने के योग्य हैं । राष्ट्रीय मूल्यांकन व प्रत्यायन परिषद् (नैक) का शोध बताता है कि इस देश के 90 फीसदी कॉलेजों एवं 70 : विश्वविद्यालयों का स्तर बेहद कमजोर है । आजादी के पहले 50 सालों में 44 निजी संस्थानों को डीम्ड वि.वि. का दर्जा मिला । पिछले 16 वर्षों में 69 और निजी विश्वविद्यालयों को मान्यता दी गयी । शिक्षा के वैश्वीकरण के इस दौर में महँगे कोचिंग संस्थान, किताबों की बढ़ती कीमत, डीम्ड वि.वि. और छात्रों में सिर्फ सरकारी नौकरी पाने की एक आम अवधारणा का पनपना आज की तारीख की अहम उच्च शैक्षिक चुनौतियाँ हैं। उर्दू कविता के एलेक्जेंडर पोप कहे जाने वाले अकबर इलाहाबादी ने इस स्थिति को भाँपते हुए कहा था

अस्तु, हमें गुणात्मक शिक्षा को अपनाना होगा, जिसमें नैतिकता का पुट हो । हमारे यहाँ तो विद्या खुद में ही एक अर्जन है, उसे अलग से भुनाने की जरूरत नहीं है । इस उपभोक्तावादी संस्कृति ने हमें 'स्व' से अलग कर दिया है , खुद से संवाद की संभावना का लोप हो गया है और बाजार–निर्देशित–नियंत्रित–केंद्रित व्यवस्था ने शिक्षा को सबसे ज्यादा लपेटा है । इस शिक्षा–पद्धति का जिस्म तो बुलंद है, पर रूह नासाज हो चली है । इस रूग्णात्मा की तीमारदारी के ठोस हल जल्द ढूंढने होंगे । युवा पीढ़ी के अंदर की बेचैनी व छटपटाहट को समझते–परखते हुए उसे भटकाव से रोकना होगा । मस्तिष्क, हृदय और हाथ के सुंदर समन्वय से मुकम्मल शख्सियत के निर्माण की प्रक्रिया का द्वार खोलना होगा । अच्छे कॉलेजों, जैसे– एस.आर.सी.सी. में नामांकन हेतु सौ फीसदी तक कट आफ चले जाने से छात्रों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए मौजूदा 300 वि. वि. नाकाफी हैं । स्कूली शिक्षा पूरी करने वाले महज 15: छात्र वि.वि. पहुँच सके, इसके लिए 1500 नये वि.वि. खोलने होंगे ।

डीयू जैसे प्रतिष्ठित ज्ञान–केंद्र में, जहाँ पूरे देश की प्रतिभा आकर केंद्रित होती है, उसकी अपनी भी कोई मौलिक समझ होती है, खास अभिरुचि होती है य इन तथ्यों से सरोकार न रखते हुए फाउण्डेशन कोर्स के नाम पर उनका वक्त व स्पिरिट जाया कराया जा रहा है । आखिर डीयू प्रशासन की ऐसी कौन–सी बाध्यता थी, एक साल में ऐसा कौन–सा पहाड़ टूटा जा रहा था कि बिना किसी

गंभीर मानसमंथन और सार्थक बौद्धिक विमर्श के हड़बड़ी में इस अनपेक्षित एवं गैरजरूरी बदलाव से बच्चों का साक्षात्कार कराया गया ? ध्यातव्य है कि सारे बच्चे आगे चलकर एम.बी.ए. करने के उद्देश्य से डीयू नहीं आते, न ही सबको विदेश जाकर पढ़ाई करनी होती है कि उन पर स्नातक के दौरान एक अतिरिक्त वर्ष का बोझ डाला जाय । पाठ्यक्रम में परिवर्तन तो तब किया जाता है, जब उसमें कोई गुणात्मक दिक्कत हो । पिछले पाठ्यक्रम में तो ऐसी कोई गड़बड़ी थी ही नहीं । सब कुछ भला–भला सा सामान्य चल रहा था । यहाँ भी बड़ी सूक्ष्मता से बाजारवाद का डंडा चला । नामांकन लेने के लिए सभी छात्रों को लैपटॉप का सब्जबाग दिखाया गया, ताकि इस लालच में विद्रोह का स्वर थोड़ा धीमा हो जाय । पर पिछले एक साल से अनवरत इस चतुष्वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की बडी तीखी भर्तस्ना होती रही । प्रतिबद्ध छात्र व सुधी शिक्षक–समुदाय के निरंतर जुझारूपन व भगीरथ प्रयास तथा यूजीसी के सार्थक हस्तक्षेप के आगे मजबूर होकर आखिरकार कुलपति को अपने फैसले वापस लेने पड़े, जिससे दिल्ली वि.वि. की चिरस्थापित मर्यादा व शैक्षिक रौनक एक बार फिर लौटने की आस जगी है। पर, उन बच्चों का क्या, जिनका एक साल इस अवांछित पाठ्यक्रम की भेंट चढ गया ।

अब जबकि फिर से त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू करने की बात स्वीकार कर ली गयी है, तो ऐसे में अभियंत्रण के वैसे बच्चे परेशान हैं, जिन्हें बी.एस.सी. की नहीं, बल्कि चार साला बी.टेक. की डिग्री चाहिए । इस बीच काफी मेलोड्रामा हुआ । पहले तो खब्बर आयी कि कुलपति नें यूजीसी के हस्तक्षेप को वि.वि. की स्वायत्ता पर चोट बताते हुए इस्तीफा दे दिया है । फिर नाटकीय मोड़ तब आया, जब पता चला कि कुलपति के पक्षधर प्राध्यापक उन्हें मनाने में लगे हुए हैं । काफी समय तक कुलपति सामने आकर कुछ बोलने से परहेज करते रहे। फलतः असमंजस की स्थिति बनी हुई थी । हालाँकि दिल्ली वि.वि. शिक्षक संघ की अध्यक्षा प्रो. नंदिता नारायण ने स्पष्ट किया कि बी.टेक. के छात्रों का भविष्य अधर में लटकने नहीं दिया जायेगा । आलम तो ये हुआ कि इस सत्र के नामांकन की प्रक्रिया बहुत देर से आरंभ हो पायी। ऐसी उथल–पुथल पहले शायद ही कभी देखी गयी हो ।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. उच्च शिक्षा विभाग में गुणवत्ता प्रबंधन – उच्च शिक्षा विभाग
2. रचना – मई जून 2009 – म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी
3. जयन्त जिज्ञासु – (भारतीय जनसंचार संस्थान, नयी दिल्ली से रेडिओ व टेलिविजन पत्रकारिता में स्नातकोत्तर उपाधि–पत्र)

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

विमुद्रीकरण का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

पापिया चतुर्वेदी
सहायक प्राध्यापक
शास. मिनीमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा छग.

सबसे पहले हम आपको बताना चाहते है की आखिर नोटबंदी यानी विमुद्रीकरण है क्या ?

उद्देश्य : काला धन और जाली नोटों को खत्म करने के लिए विमुद्रीकरण लागू किया जाता है।

प्राचीन काल के आचार्य चाणक्य से लेकर आधुनिक काल के भीमराव अम्बेडकर तक ने नोटबंदी को अर्थव्यवस्था का एक मुख्य चरण बताया है जिससे किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में नवजीवन की उत्पत्ति होती है

"जब किसी भी देश में कालेधन की एक सामानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी हो जाती है और अर्थव्यवस्था में जाली मुद्रा हद से अधिक बढ़ जाती है तब नोटबंदी यानी विमुद्रीकरण की जाती है जिसके अन्तरगत मुद्रा को तुरंत प्रभाव से बंद कर, नई मुद्रा जारी की जाती है"

मोदी सरकार ने जब से नोटबंदी की घोषणा की है तबसे पुरे देश में अफरातफरी का माहौल है, वैसे इसमें कोई शक नहीं की किसी भी देश में नोटबंदी समय समय के अंतराल में की जाती रही है जिससे उस देश में कालेधन पर सबसे बड़ी चोट लगती है और कालेधन की समस्या से निजात मिलती है।

इस समय सम्पूर्ण विपक्ष जिस तरह से एकजुट होकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रहा है इससे उनके अन्दर चल रही खलबली का पता चलता है, कुछ विशेषज्ञों का कहना है की इस समय विपक्षी पार्टियों का अरबों रुपयों का कालाधन बेकार हो चूका है और उनका भविष्य भी दांव पर है तो यह देश में कुछ भी कर सकते है, यहाँ तक की दंगे, लूटमार, हड़ताल भी करवा सकते है हालांकि भारत की जनता इस मुद्दे पर पूरी तरह से सरकार के साथ है और यही वजह है की विपक्षी दल अभी तक

अपनी किसी भी चाल में सफल नहीं हो पाए है।

वैसे तो पाठको कालेधन और नोतेबंदी के नफे–नुक्सान विपक्षी पार्टियों के शोर में दब गए है और मीडिया को भी ज्ड पर लगी भीड़ के अलावा कुछ और भी नजर नहीं आ रहा लेकिन आज हम आपको नोटबंदी अर्थात विमुद्रीकरण के वह लाभ बताने जा रहे है जो आप सबको जरूर पता होने चाहिए।

कब–कब हुआ विमुद्रीकरण दो बार– पहली बार जनवरी 1978 में 1000, 5000 और 0000 का विमुद्रीकरण हुआ। दूसरी बार 8 नवंबर, 2016 को 500 और 1000 के नोटों को उसी रात 12 बजे से बंद किए जाने की घोषणा की।

सिक्के जो बंद हुए 1 पैसे, 2 पैसे, 3 पैसे, 5 पैसे, 10 पैसे, 20 पैसे और 25 पैसे मूल्यवर्ग के सिक्के 30 जून, 2011 से संचलन से वापिस लियें गये, अतः वे वैध मुद्रा नहीं रहे।

विशेष भारतीय रिजर्व बैंक, भारत में मुद्रा संबंधी कार्य संभालता है। भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सलाह पर जारी किये जाने वाले विभिन्न मूल्यवर्ग के बैंकनोटों के संबध में निर्णय लेता है।

अन्य जानकारी वर्तमान में, भारत में 10, 20, 50, 100, 500 और 2000 रुपये के मूल्यवर्ग के बैंकनोट जारी किये जा रहे हैं। 5 मूल्यवर्गों के नोटों का मुद्रण बंद किया गया है क्योंकि इनका सिक्काकरण हो चुका है। तथापि, पहले जारी किये गये ऐसे नोट अभी भी वैध हैं।

22 नवम्बर 2016 (IST)

विमुद्रीकरण एक आर्थिक गतिविधि है जिसके अंतर्गत सरकार पुरानी मुद्रा को समाप्त कर देती है और नई मुद्रा को प्रचलित करती है। जब काला धन बढ़ जाता है और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बन जाता है तो इसे दूर करने के लिए इस विधि का प्रयोग किया जाता है। जिनके पास काला धन होता है, वह उसके बदले में नई मुद्रा लेने का साहस नहीं जुटा पाते हैं और काला धन स्वयं ही नष्ट हो जाता है।

भारतीय मुद्रा

भारत की अपनी राष्ट्रीय मुद्रा है। इसका बाजार नियामक और जारीकर्ता भारतीय रिजर्व बैंक है। नये प्रतीक चिह्न के आने से पहले रुपये को हिन्दी में दर्शाने के लिए रु और अंग्रेजी में ₹ का प्रयोग किया जाता था। आधुनिक भारतीय रुपये को 100 पैसे में विभाजित किया गया है। सिक्कों का मूल्य 5, 10, 20, 25 और 50 पैसे और 1, 2, 5 और 10 रुपये भी है। बैंकनोट 1, 2, 5, 10, 20, 50, 100, 500 और 1000 के मूल्य पर हैं। भारतीय करेंसी को भारतीय रुपया (INR) तथा सिक्कों को पैसे कहा

जाता है। एक रुपया 100 पैसे का होता है।

भारतीय रुपये का प्रतीक है– यह डिजाईन देवनागरी अक्षर र (ra) और लैटिन बड़ा अक्षर R के सदृश है जिसमें ऊपर दोहरी आड़ी रेखा है। भारतीय रुपया चिह्न (?) भारतीय रुपये (भारत की आधिकारिक मुद्रा) के लिये प्रयोग किया जाने वाला मुद्रा चिह्न है। यह डिजाइन भारत सरकार द्वारा 15 जुलाई 2010 को सार्वजनिक किया गया था मूलतः यह नया चिह्न देवनागरी अक्षर 'र' पर आधारित है किन्तु यह रोमन के कैपिटल अक्षर R का बिना उर्ध्वाकार डण्डे का भी आभास देता है। अतः इस चिह्न को इन दोनो अक्षरों का मिश्रण माना जा सकता है। मूल रूप से तमिल भाषी इसके अभिकल्पक उदय के अनुसार जब वो इसका डिजाइन सोच रहे थे तो उन्हें लगा कि सिर्फ देवनागरी लिपि से संबंधित कोई चिह्न ही भारतीय भावनाओं को व्यक्त कर सकता है। ऊपर की तरफ समान्तर रेखायें (उनके बीच में खाली जगह समेत) भारतीय झण्डे तिरंगे का आभास देती हैं।

भारतीय मुद्रा का निर्माण

प्रारंभ में छोटे राज्य थे जहां वस्तु विनिमय अर्थात एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु का आदान–प्रदान संभव था। परंतु कालांतर में जब बड़े–बड़े राज्यों का निर्माण हुआ तो यह प्रणाली समाप्त होती गई और इस कमी को पूरा करने के लिए मुद्रा को जन्म दिया गया। इतिहासकार के. वी. आर. आयंगर का मानना है कि प्राचीन भारत में मुद्राएं राजसत्ता के प्रतीक के रूप में ग्रहण की जाती थीं। परंतु प्रारंभ में किस व्यक्ति अथवा संस्था ने इन्हें जन्म दिया, यह ज्ञात नहीं है। अनुमान यह किया जाता है कि व्यापारी वर्ग ने आदान–प्रदान की सुविधा हेतु सर्वप्रथम सिक्के तैयार करवाए। संभवतरू प्रारंभ में राज्य इसके प्रति उदासीन थे। परंतु परवर्ती युगों में इस पर राज्य का पूर्ण नियंत्रण स्थापित हो गया था। कौटिल्य के अर्थशास्त्र से ज्ञात होता है कि मुद्रा निर्माण पर पूर्णतरू राज्य का अधिकार था। कुछ विद्वानों का मानना है कि भारत में मुद्राओं का प्रचलन विदेशी प्रभाव का परिणाम है। वहीं कुछ इसे इसी धरती की उपज मानते हैं। विल्सन और प्रिंसेप जैसे विद्वानों का मानना है कि भारत भूमि पर सिक्कों का आविर्भाव यूनानी आक्रमण के पश्चात हुआ। वहीं जॉन एलन उनकी इस अवधारणा को गलत बताते हुए कहते हैं कि 'प्रारम्भिक भारतीय सिक्के जैसे 'कार्षापण' अथवा 'आहत' और यूनानी सिक्कों के मध्य कोई सम्पर्क नहीं था।

मुद्रा से जुड़ी कुछ प्रमुख बातें

सिक्का –

वर्तमान में भारत में, 50 पैसे, 1 रुपये, 2 रुपये, 5 रुपये और 10 रुपये के मूल्यवर्गों में सिक्के जारी किये जा रहे हैं। 50 पैसे तक के सिक्के "छोटे सिक्के" और 1 रुपये तथा उसके ऊपर के सिक्कों को

"रुपये सिक्के" कहते है। 1 पैसे, 2 पैसे, 3 पैसे, 5 पैसे, 10 पैसे, 20 पैसे और 25 पैसे मूल्यवर्ग के सिक्के 30 जून 2011 से संचलन से वापिस ले लिये गये हैं, अतः वे वैध मुद्रा नहीं रहे।

दस पैसे, पाँच पैसे, पच्चीस पैसे और एक पैसे के भारतीय सिक्के (बांये से दांये)

करेंसी–

वर्तमान में, भारत में 10, 20, 50, 100, 500 और 2000 रुपये के मूल्यवर्ग के बैंकनोट जारी किये जा रहे हैं। क्योंकि ये भारतीय रिजर्व बैंक (रिजर्व बैंक) द्वारा जारी किये जाते हैं, इसलिए इन्हें "बैंकनोट" कहा जाता है। 1, 2 और 5 मूल्यवर्गों के नोटों का मुद्रण बंद किया गया है क्योंकि इनका सिक्काकरण हो चुका है। तथापि, पहले जारी किये गये ऐसे नोट अभी भी संचलन में पाये जा सकते हैं और ये नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

उच्च मूल्यवर्ग के बैंकनोटों का विमुद्रीकरण

10000 रुपये के नोट विमुद्रीकरण सन् 1978 में हुआ

मुख्यतः अघोषित धन पर नियंत्रण रखने के प्रयोजन से, जनवरी 1946 में उस समय संचलन में मौजूद 1000 और 10000 के बैंकनोटों का विमुद्रीकरण किया गया था। वर्ष 1954 में 1000, 5000 और 10000 के उच्च मूल्यवर्ग के बैंकनोटों को फिर से जारी किया गया और भारत के चौथे प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के प्रधानमंत्री काल में जनवरी 1978 में इन बैंकनोटों (1000, 5000 और 10000) को एक बार फिर विमुद्रीकृत किया गया। 8 नवंबर, 2016 को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा कध्दम उठाते हुए 500 और 1000 के नोटों को उसी रात 12 बजे से बंद किए जाने की घोषणा की।

एक रुपया भारत सरकार की देयताओं में–

करेंसी ऑर्डिनेंस 1940 के अंतर्गत जारी एक रुपये के नोट भी विधि मान्य मुद्रा हैं और उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम,1934 के सभी प्रयोजनों हेतु रुपये सिक्के के रूप में माना गया हैं। क्योंकि सरकार द्वारा जारी रुपये सिक्के भारत सरकार की देयताओं में आते हैं, इसलिए सरकार द्वारा जारी एक रुपया भी भारत सरकार की देयता है।

मुद्रा प्रबंध में भारतीय रिजर्व बैंक की भूमिका

भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के आधार पर मुद्रा प्रबंध में भारतीय रिजर्व बैंक की भूमिका निर्धारित हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक भारत में मुद्रा संबंधी कार्य संभालता है। भारत सरकार, रिजर्व बैंक की सलाह पर जारी किये जाने वाले विभिन्न मूल्यवर्ग के बैंकनोटों के संबंध में निर्णय लेती है। भारतीय रिजर्व बैंक सुरक्षा विशेषताओं सहित बैंकनोटों की रूपरेखा (डिजाइनिंग) तैयार करने में भी भारत सरकार के साथ समन्वय करता है। भारतीय रिजर्व बैंक बैंकनोटों की मूल्यवर्ग–वार संभावित

आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, उनकी मात्रा का आकलन करता है और तदनुसार, विभिन्न मुद्रण प्रेसों को अपना मांगपत्र प्रस्तुत करता है। भारतीय रिजर्व बैंक का उद्देश्य आम जनता को अच्छी गुणवत्ता के नोट प्रदान करना है। इसके लिए, संचलन से वापिस प्राप्त होने वाले बैंकनोटों की जाँच की जाती हैं और पुनरूजारी करने योग्य बैंकनोट फिर से संचलन में डाल दिये जाते हैं तथा गंदे और कटे–फटे बैंकनोटों को नष्ट कर दिया जाता है जिससे संचलन में बैंकनोटों की गुणवत्ता बनी रहे।

मुद्रा विमुद्रीकरण

5000 रुपये के नोट विमुद्रीकरण सन् 1978 में हुआ

मुद्रा विमुद्रीकरण के तहत सरकार पुरानी मुद्रा को समाप्त कर देती है और नई मुद्रा चलाती है। यानी पुरानी मुद्रा की वैधता नहीं रहती। वह अवैध हो जाती है। आमतौर पर अर्थव्यवस्था में काले ध न पर काबू पाने के लिए यह कदम यानी विमुद्रीकरण उठाया जाता है। जब काला धन अर्थव्यवस्था के लिये खतरा बन जाता है तो इसे दूर करने के लिये विमुद्रीकरण अपनाया जाता है। जिनके पास काला धन होता है, वह उसके बदले नई मुद्रा लेने का साहस नहीं जुटा पाते और काला धन स्वयं ही नष्ट हो जाता है।

नकली नोट तथा काला धन बनाम विमुद्रीकरण–

देश में नकली नोट का सम्बन्ध 1991 से प्रारम्भ आर्थिक सुधार से माना जा रहा है। उदारवाद के बाद चार कम्यूनिस्ट पार्टी एवं काँग्रेस समर्थित संयुक्त मोर्चे की सरकार को सन 1996–97 में 3,35,900 करोड़ रुपये की नयी मुद्रा छपवाने की आवश्यकता पड़ी। संयुक्त मोर्चा सरकार ने काले धन की समाप्ति के लिए स्वैच्छिक आय उजागर योजना (वीडीआईएस) शुरु की। वीडीआईएस में लगभग 33,000 करोड़ रुपये का काला धन सामने आया। आरबीआई के टकसाल की क्षमता 2,16,575 करोड़ रुपये की थी, जिससे विदेशों से 1,20,000 करोड़ रुपये के नोट छपवाने माँग हुई। भारतीय मुद्रा छापने वाली विदेशी कम्पनियों को स्पष्ट निर्देश था कि वे भारतीय नोट की प्लेट, स्याही, वाटरमार्क कागज भारत सरकार को सौंपेंगी। वैसे, इंग्लैण्ड की कम्पनी डेलारू देश–विदेशों की सरकारों के नोट छापती है।ख,

500 और 1000 रुपये के नोटों का विमुद्रीकरण

8 नवंबर, 2016 को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 500 और 1000 के नोटों को उसी रात 12 बजे से बंद किए जाने की घोषणा की। यानी 9 नवंबर से कुछ तय जगहों– पेट्रोल पंप, अस्पताल, रेलवे स्टेशन इत्यादि को छोड़कर देश में कहीं भी 500 और 1000 के नोटों से लेन–देन पर रोक लग गई। इन जगहों पर भी इन नोटों के प्रयोग को तय समय सीमा (अब 24 नवंबर) तक ही इजाजत दी गई है। जिन लोगों के पास 500 और 1000 के नोट पड़े हैं वो उन्हें 30 दिसंबर

तक देश के किसी भी बैंक या डाकघर में जाकर बदल सकते हैं या अपने खातों में जमा कर सकते हैं। सरकार ने पुराने नोटों की जगह 500 और 2000 के नए नोट जारी किए हैं जो लोगों को बैंकों और एटीएम के माध्यम से मिलने शुरू हो गए हैं। हालांकि लेन–देन के पूरी तरह सामान्य होने में कुछ हफ्ते और लगेंगे। इस फैसले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आरबीआई के वर्तमान गवर्नर उर्जित पटेल का समर्थन हासिल है। उर्जित पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी के फैसले को "बहुत साहसिक कदम" बताया है। हालांकि आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन विमुद्रीकरण को कालाधन बाहर लाने के लिए ज्यादा कारगर नहीं मानते हैं। कई अन्य विशेषज्ञों ने भी इस कदम पर सवाल उठाए हैं। भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता के प्रोफेसर अभिरूप सरकार के अनुसार काला धन रखने वाले ज्यादातर लोग अपने पैसे विदेशी बैंकों में रखते हैं इसलिए देश में विमुद्रीकरण करने से ज्यादा बड़े मछलियों का कुछ नहीं बिगड़ेगा। आरबीआई के अनुसार 31 मार्च 2016 तक भारत में 16.42 लाख करोड़ रुपये मूल्य के नोट बाजार में थे जिसमें से करीब 14.18 लाख रुपये 500 और 1000 के नोटों के रूप में थे। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार कुल देश में तब तक मौजूद कुल 9026 करोड़ नोटों में करीब 24 प्रतिशत नोट (करीब 2203 करोड़ रुपये) ही प्रचलन में थीं।ख2,

संदर्भ :

भारतीय मुद्रा का विमुद्रीकरण रू एक बार फिर (हिन्दी) प्रवक्ता डॉट कॉम। अभिगमन तिथिरू 19 नवंबर, 2016।

जानिए क्या है विमुद्रीकरण, क्यों लेती हैं सरकारें इसका फैसला और अब तक भारत में कब–कब ऐसा हुआ है? (हिन्दी) जनसत्ता डॉट कॉम। अभिगमन तिथिरू 20 नवंबर, 2016।

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

नोट बंदी का भारतीय समाज पर प्रभाव

डॉ. नीलिमा चटर्जी
सहायक प्राध्यापक
समाजशास्त्र विभाग
शासकीय महाविद्यालय, बरेली (म.प्र.)

नोट बंदी के संदर्भ में सामाजिक प्रभाव की व्याख्या करने के पहले तीन बातों या तीन अवस्थाओं का जिक्र करना लाजिमी है। ये अवस्थाएं हैं हमारे प्रधानमंत्री जी के बॉडी लैंग्वेज की। जिस दिन रात में यानी आठ नवम्बर की रात में उन्होंने हजार और पांच सौ के नोटो का चलन बंद किये जाने की घोषणा की उस दिन वे काफी प्रतिबद्ध ओर साहसी दिख रहे थे। उन्होंने उत्साह और आत्मविश्वास से भर कर माइक्रोफोन की डंडी पकड़ ली थी। दूसरा दृश्य गोवा में सोमवार की शाम उनके भाषण का था। उनकी आंखें भर आयीं थीं और गला रुध गया था। वे अपने परिवार को त्यागने का हवाला दे रहे थे। ये इमोशनल क्षण उनके आत्मविश्वास के हतोत्साहित होने का प्रत्यक्ष क्षण था। तीसरा दृश्य था सोमवार की रात कैबिनेट मीटिंग का। जहां कैबिनेट ने लोगों की पीड़ा का जिक्र किया और प्रधानमंत्री मौन रहे। वित्तमंत्री अरूण जेटली बार बार कह रहे हैं कि दो तीन हफ्तों में सारी मुश्किलें खत्म हो जायेंगी। लेकिन सरकारीध आंकड़े ही बताते हैं कि यह झूठा आश्वासन हैं और इस आश्वासन की हकीकत समझ कर ही मोदी जी हतोत्साहित महसूस कर रहे हैं। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक एक हजार और पांज सौ के नोट अर्थ व्यवस्था में 86 प्रतिशत थे। यानी सौ , पचास, दस और पांच के नोट महज 14 प्रतिशत हैं। अब आप ही कहिये कि 86 प्रीतिशत की अतिरिक्त कमी 14 प्रतिशत से कैसे खत्म होगी? जबकि उस चौदह प्रतिशत का चलन पहले से था। इसका साफ अर्थ है कि यह चौदह प्रतिशत अपना काम करते हुये बाकी के 86 प्रतिशत की कमी भी पूरी करेंगे। क्या यह संभव है? अब जरा इसका समाज वैज्ञानिक पक्ष देखें। कोलकाता के स्लम्स में या बंद हो गयी जूट मिलों

के लाइनों में या फुटपाथों पर बसर करने वाले लागों में या छोटे छोटे रोजगार करने जैसे सब्जी बेचने वाले या हाथ रिक्शा खींचने वाले लोगों में आधे से ज्यादा के बैंक खाते नहीं हैं और वे क्या करेंगे यह बात समझ में नहीं आती। यही नहीं अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले कुल लोगों में से तीन चौथाई लोग फाइनेंशियल सिस्टम से नहीं जुड़े हैं। ऐसा नहीं कि उन्होंने जान बूझ कर ऐसा किया है बल्कि उनके पास इतना बचता ही नहीं कि वे इससे जुड़ पायेंगे। औरतों की छिपायी गयी रकम को छोड़ भी दें तब भी इसके तीन समाजवैज्ञानिक पहलू हैं। इस महान घटना की फितरत आर्थिक है और मध्यवर्ग जहां खड़ा होकर अपनी नैतिकता की दुहाई देता है यह फितरत उस आधार पर आघात करती है। फिजूलखर्ची के इल्जाम, सार्वजनिक जीवन से अलग रहने के आरोप और अनुपाती न्याय के आदर्श के मुकाबले यह आर्थिक उद्धत राष्ट्रवाद (इकोनॉमिक जिंगोइज्म) तना हुआ है। आर्थिक तर्क तो यह कहते हैं कि जिस देश में आयकर छापों में कुल अघोषित सम्पति का केवल 6 प्रतिशत ही पाया जा सका और कालाधन उपार्जन की प्रक्रिया चालू है वहां इस तरह के महान कदम कुछ ज्यादा कर पायेंगे इसमें संदेह है। भारत में मध्यवर्ग का आविर्भाव एक बड़े सामाजिक परिवर्तन के फलस्वरूप हुआ। आज इसका एक नया स्वरूप बनता दिख रहा है। इसके तीन पहलू तो स्पष्ट हैं। इनमें पहला है कि समाज में गरीब विरोधी भाव उतपन्न हो रहा है। राजनीतिक आदर्श बाजारवाद का टहलुआ होता जा रहा है और जनता उपभोकग बनती जा रही है। ऐसे समीकरण में गरीबो और उनके दैनिक जीवन के प्रति एक अलगाव बोध सा बढ़ता दिख रहा है। इनपर आरोप है कि ये बिजली चुराते हैं, शहरी जमीन पर कब्जा जमा कर झोपड़ियां बनाते हैं और कारपोरेट क्षेत्र को अपने कारखाने लगाने या खान खोदने के जमीन देने से इंकार करते हैं। ये घटिया लोग हैं तथा इनकी पसलियों से निकला एक नैतिक मध्यवर्ग अपनी मेधा तथा कठोर परिश्र के बल पर इस समाज में जगह बनाता जा रहा है। दूसरी बात यह है कि हर बात का उत्तर तकनीक या टेक्नोलॉजी में देखा जा रहा है। शहरी समस्याओं को केवल स्मार्ट सिटी, कम्प्यूटर के जरिये ही हल किया जा सकता है। तकनीक स्वच्छता है और नैतिकता स्वच्छता में है। नोटों पर लिखा 'स्वच्छ भारत की ओर' इसी तकनीक की ओर संकेत है। तीसरा बदलाव जो दिख रहा हे वह है कि हिंसा की भाषा बदल रही है। राष्ट्रीय भावनात्मकता के गिलफ में लिपट कर वित्तव्यवस्था को युद्ध और मुद्रा को सैनिकीकरण के चश्मे से देखा और दिखाया जा रहा है। हिंसा की भाषा में राष्ट्रवाद का प्रक्षेपण नैतिक प्रक्रिया बनती जा रही है। ऐसा लगता है कि पहले हम भारतीय कायर थे और अब ज्हंसा के सामान्यीकरण में नये लोग बन गये हैं। कालाधन एक गंभीर प्रक्रिया का लक्षण है और यह जो नयी व्यवस्था हुई है वह सार्वजनिक हित के सिकुड़ते दायरे से नैतिकता को परिभाषित करने के गंभीर और आंतरिक गंदगी का बिम्ब है। यह व्यवस्था केवल पैसे से नहीं जुड़ी है।

आज बंद हो गयी जूट मिलों से बेकार होने पर के सड़क पर सोने वाले लोग और घोड़ों की तरह जुत कर रिक्शा खींचने वालों की पीड़ा से बाहर का राष्ट्रीय अंतर आज नैतिकता का संदर्भ है। यह संदर्भ मानसिक रुग्णता की निशानी है और यह रुग्णता आज सामूहिक तौर पर देखी जा रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जो इसका विरोध किया वह बिल्कुल सही है। सियासत में आज एक आध्मी तो ऐसा है जो नैतिक अपराधबोध से ग्रस्त गरीब (अनैतिक)लोगों के पक्ष में खड़ा है।

8 नवम्बर 2016 को राष्ट्र के नाम सन्देश में प्रधान मंत्री मोदी द्वारा ५०० और १००० के नोटों की कानूनी वैधता समाप्त कर दी गयी. मोदी जी द्वारा नोट बंद करने के दो मुख्या कारण हैं. पहले देश में काले धन पर प्रहार और दूसरा कारण सीमा पर से होने वाली नकली नोटों की आपूर्ति, जिसके सहारे पाकिस्तान भारत में अपने आतंकी नेटवर्क को चलता है.

भारत के 500 और 1000 रुपये के नोटों के विमुद्रीकरण, जिसे मीडिया में छोटे रूप में नोटबंदी कहा गया, की घोषणा 8 नवम्बर 2016 को रात आठ बजे भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अचानक राष्ट्र को किये गए संबोधन के द्वारा की गयी। यह संबोधन टीवी के द्वारा किया गया। इस घोषणा में 8 नवम्बर की आधी रात से देश में 500 और 1000 रुपये के नोटों को खत्म करने का ऐलान किया गया। इसका उद्देश्य केवल काले धन पर नियंत्रण ही नहीं बल्कि जाली नोटों से छुटक़ारा पाना भी था।

यह योजना छह महीने पहले बननी शुरू हुई थी। सरकार के इस फैसले की जानकारी केवल कुछ लोगों को थी। ये लोग थे– मुख्य सचिव नृपेंद्र मिश्रा, पूर्व और वर्तमान आरबीआई गवर्नर, वित्त सचिव अशोक लवासा, आर्थिक मामलों के सचिव शक्तिकांत दास और वित्त मंत्री अरुण जेटली। योजना को लागू करने की प्रक्रिया दो महीने पहले शुरू हुई थी।

इतिहास और सांख्यिकी

इससे पहले, इसी तरह के उपायों को भारत की स्वतंत्रता के बाद लागू किया गया था। जनवरी 1946 में, 1000 और 10,000 रुपए के नोटों को वापस ले लिया गया था और 1000, 5000 और 10,000 रुपए के नए नोट 1954 में पुनः शुरू किया गए थे। 16 जनवरी 1978 को जनता पार्टी की गठबंधन सरकार ने फिर से 1000, 5000 और 10,000 रुपए के नोटों का विमुद्रिकरण किया था ताकि जालसाजी और काले धन पर अंकुश लगाया जा सके।

28 अक्टूबर 2016 को भारत में 17.77 लाख करोड़ (यूएस+260 बिलियन) मुद्रा सर्कुलेशन में थी। मूल्य के आधार पर 31 मार्च 2016 को आई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट अनुसार, सर्कुलेशन में नोटों की कुल कीमत 16.42 लाख करोड़ (यूएस+240 बिलियन) है, जिसमें से 86: (अर्थात 14.18 लाख करोड़ (यूएस+210 बिलियन) 500 और 1000 के नोट हैं। वॉल्यूम के आधार पर रिपोर्ट अनुसार, 9,026.

6 करोड़ नोटों में से 24 प्रतिशत (अर्थात 2,203 करोड़) बैंक नोट सर्कुलेशन में हैं। प्रधानमंत्री मोदी की आधिकारिक घोषणा के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर उर्जित पटेल और आर्थिक मामलों के सचिव शक्तिकांत दास द्वारा एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सभी मूल्यवर्ग के नोटों की आपूर्ति में 2011 और 2016 और बीच में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, 500 और 1000 पैसों में इस अवधि में क्रमश 76: और 109 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस जाली नकदी को भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों मे इस्तेमाल किया गया था। इसके परिणाम स्वरुप नोटों को खत्म करने का निर्णय लिया गया था।

अतीत में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नोटबंदी का जोरदार विरोध किया था। भाजपा प्रवक्ता मीनाक्षी लेखी ने 2014 में कहा था कि आम औरत और आदमी, जो लोग अनपढ़ हैं और बैंकिंग सुविधाओं तक जिनकी पहुँच नहीं है ऐसे लोग इस तरह के उपायों से सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। मुख्य रूप से कुछ समय के अंतराल में स्वयं जनता 2000 के नोट को चलन से बाहर कर देगी, क्योंकि जहाँ कम मुल्य की वस्तु खरीदनी हो तब दुकानदार आपसे 2000 के नोट नहीं लेगा । परिणाम स्वरूप 2000 के नोट की या तो जमाखोरी होगी अथवा 'काले धन' का ही सृजन करेगें। सरकार को इस विषय पर प्रारंभिक समय से सचेत रहने की आवश्यकता है।

विभिन्न अनुमानों के अनुसार भारत में लगभग 30 लाख करोड़ रूपये की काले धन की समानान्तर अर्थव्यवस्था फल फूल रही है. काला धन विभिन्न रूपो में मौजूद है. जैसे कि बेनामी संपत्ति, सोना और आभूषण, शेयर, हवाला और नगदी। अपुष्ट अनुमानों के अनुसार भारत में लगभग 3 लाख करोड़ रूपये का काला धन नगद मे रूप में मौजूद है. यद्यपि वास्तविक स्थिति तो समस्त पुराने नोटों के बैंकिंग प्रणाली में आने के बाद ही ज्ञात होगी. प्रधान मंत्री का एक लक्ष्य इसी काले धन पर प्रहार है. ये भी सत्य है कि काले धन के नगद रूप पर ही प्रहार करने से कोई ज्यादा लाभ नहीं होगा. इसके अन्य रूपो पर भी प्रहार करना होगा.

नगद के रूप में काला धन आम जनता के पास नहीं होता है. भारत में चुनाव बहुत खर्चीले होते हैं और जनता मानती है कि चुनाव में काल धन बहुतायत में खर्च होता है. यानी सीधे शब्दों में कहें तो जनता मानती है कि राजनीतिक पार्टियों और नेताओ के पास काला धन होता है. प्रधान मंत्री द्वरा बड़े नोटों को प्रक्षालन से बाहर करने पर आम जनता की खुशी का एक कारण राजनीतिक काले धन की समाप्ति की उम्मीद भी है.

काल धन का एक भडार रियल एस्टेट का काम करने वाले भी हैं, जिस कारण एक जरूरतमंद बेघर के लिए जमीन या फ्लैट की कीमत आसमान तक पहुँच जाती है. आम नागरिक इन सबसे त्रस्त रहता है, जो कि भविष्य में जमीन या फ्लैट की कीमत कम होने की आशा कर रहा है.

टैक्स चोरी करने वाले छोटे और बड़े कारोबारी और पेशेवर भी काले धन का संग्रहण करते हैं. इसके अतिरिक्त शक्तिशाली पदों पर आसीन अधिकारी भ्रष्ट आचरण जैसे रिश्वत के रूप में भी काला धन जमा करते हैं.

काले धन की समानान्तर अर्थव्यवस्था समाप्त होने के बहुत से लाभ हैं. पहला लाभ समस्त नगदी बैंकिंग प्रणाली में आ जायेगीं इससे बैंको की जमा की लागत घटेगी और जनता को ऋण भी कम रेट पर उपलब्ध होगा., जिससे कि भारतीय अर्थव्यवस्था में व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेगीं. रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और क्योंकि व्यवसायी को कम रेट पर ऋण मिलेगा तो देर सबीर उसकी लागत कम होने का लाभ भी जनता को मिलेगा.

दूसरा लाभ ये होगा कि टैक्स चोरी रुकेगी और सरकार के खजाने में ज्यादा राजस्व आएगा. इससे सरकार देश में आधारभूत ढांचा विकसित कर सकेगी. किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए जरूरी है की आवागमन के साधन जैसे सड़को का जाल, रेल नेटवर्क का विस्तार और हवाई सुविधाओं में वृद्धि, विद्युत उत्पादन और वितरण में सुधर, दूर संचार सेवाओं का विस्तार; इन्टरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार आदि में वृद्धि और विस्तार हो. इन सब सुविधाओं के होने से बाजार की गतिविधियां भी प्रभावित होंगी.

तीसरा लाभ ये होगा कि सरकार के पास नागरिक सुविधाओं जैसे स्कूल, कॉलेज और हॉस्पिटल जैसी सेवाओं के विस्तार के लिए अधिक धन होगा. जिसका सीधा लाभ देश के आम नागरिकों को मिलेगा.

नोट बंदी से एक लाभ यह भी होगा की हमारा समाज और अर्थव्यवस्था नगदी विहीन होगी. यद्यपि इसमें समय लगेगा. क्योंकि हमारे यहाँ अशिक्षित और अर्ध शिक्षित जनसँख्या काफी है.

अब हम दूसरी मुख्य समस्या नकली मुद्रा की तरफ आते हैं. भारत में लगभग १७ यलाख करोड़ की मुद्रा प्रचलन में है. इसमें ५०० और १००० की मुद्रा का मूल्य लगभग १५ लाख करोड़ है. अपुष्ट खबरों के अनुसार हमारा पडोसी देश पाकिस्तान लगभग १२ लाख करोड़ से ज्यादा मूल्य की नकली मुद्रा छाप चूका है, जो की नेपाल और बंगला देश के रास्ते भारत में आनी थी. प्रधान मंत्री द्वारा बड़े नोटों को प्रचलन से बाहर करने के कारण पकिस्तान द्वारा छपी गयी मुद्रा व्यर्थ हो गयी है. इसका परिणाम हम कश्मीर में देख सकते हैं. धन की कमी के कारण कश्मीर में आतंकवाद थम गया है, क्योंकि आतंकवादी और उनके आकाओ के पास उपद्रवियों को देने के लिए धन नहीं है.

पिछले सत्तर सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था की ये पहले बार सफाई हो रही है. सन 1978 में तत्कालीन मोरारजी देसाई सरकार द्वारा की गयी नोट बंदी से इसकी तुलना नहीं की जा सकती. 1978 में जो नोट प्रचलन से बाहर किये गए थे, जैसे 1000, 5000 और 10,000, वो नोट आम जनता के पास

नहीं होते थे, और उस समय जाली नोट भी प्रचलन में नहीं थे. इसलिए हम कह सकते हैं कि पहले बार किसी सरकार द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था में सफाई अभियान चलाया जा रहा है.

यदि हम केवल उपर्युक्त लाभों को ही देखें तो कह सकते हैं की नोट बंदी एक आवश्यक कदम है. जिसका दीर्घ काल में हमारे समाज और विशेषकर अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव होगा.

केंद्र सरकार के इस निर्णय से सबसे बड़ा असर फिलहाल आम लोगों पर पड़ा है। लोगों ने घर में रख रखे जमा रकम को बैंक में डिपॉजिट करा रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक बैंकों के बाहर लंबी कतार में वक्त गुजार रहे हैं। ऐसे में देश में मुद्रा की तरलता पर काफी सकारात्मक असर पड़ा है। बैकों के पास पर्याप्त मात्रा में कैश जमा हो रहा है। असंगठित क्षेत्रों मसलन लघु उद्योग में हलचल मच गई है। बड़ी करेंसी बंद हो जाने से काम प्रभावित हो रहा है। हालांकि, कैश मुहैया होने के बाद इस समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। धीरे–धीरे इसका असर भी सकारात्मक तौर पर दिखने लगेगा। हालांकि, दिहाड़ी मजदूरों की दिनचर्या पूरी तरह से चरमरा गई है। इन हालातों में यह कहना उचित है कि बजट सत्र के इस क्वार्टर में इसका नकारात्मक असर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर देखने को मिलेगा। मगर इस क्वार्टर के बाद लघु उद्योगों में आने वाली तेजी से जीडीपी में अगला तिमाही उछाल लेगा, जिससे हाल में दिखने वाली नकारात्मकता लोग भूल जाएंगे।

शेयर मार्केट पर हमेशा ही बाजार की अस्थिरता का व्यापक असर देखने को मिलता है। हालांकि, इस बीच अमेरिका में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुने जाने का भी व्यापक असर शेयर बाजार पर पड़ा है। मगर इस बीच भारत सरकार के फैसले से शेयर पर बाजार पर पड़े प्रभाव का विश्लेषण किया जाए तो देखने को मिल रहा है कि हर वह सेक्टर जो लघु उद्योग यानी असंगठित अर्थव्यवस्था से जुड़ा है, उसमें गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि, इस गिरावट को लोग कुछ दिनों बाद सामान्य होने वाली परिस्थितियों में भूल जाएंगे। इस बीच ई–कॉमर्स और टेक्नोलॉजी सेक्टर से जुड़े शेयर में लाभ दर्ज किया जा रहा है क्योंकि लोगों ने मुद्रा की तरलता कम हो जाने के बाद से ई–वॉलेट को अपनी पसंद में शुमार किया है। इससे आने वाले दिनों में देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा।

आज के समय में जब सभी बाजार एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। ऐसे में जब असंगठित क्षेत्र पर जब नकारात्मक असर पड़ रहा हो तो टेक्नोलॉजी और फाइनेंशियल सर्विस के क्षेत्रों में मध्यम व दीर्घ दोनों ही समय के लिए चढ़ान देखने को मिल रहा है। यदि इस बात को अर्थव्यवस्था में क्षेत्रवार लागू करके देखा जाए तो मिलेगा कि कमोडिटी और कृषि क्षेत्र के साथ ही अन्य संलग्न बाजार काफी प्रभावित हुए हैं। छोटी खरीदारी के लिए भी ई–वॉयलेट का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं, रिटेल सेक्टर

पर इसका व्यापक असर पड़ा है। रियल सेक्टर में एक ही सम्पत्ति को लेकर कैश की अधिकता के कारण बार–बार खरीदा और बेचा जाता है। इस कारण कीमतें बढ़ती जा रही हैं। जरूरतमंद लोगों के पास रहने के लिए घर नहीं है और कालेधन के दम पर लोगों ने अकूत व बेनामी सम्पत्तियां अर्जित कर रखी हैं। इन हालातों में जब देश में कालाधन की तबाह हो चला है तो प्रॉपर्टी की खरीद–फरोख्त में कमी आएगी और रियल इस्टेट में छाई महंगाई पर अंकुश लग सकेगा। यहां तक कि महंगी (लक्जरियस) कारें, जवाहरात, एसयूवी, नग, सोना और उच्च ब्रांड की चीजों की खरीद में कमी आएगी। छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। कम पूंजी वालों को वरीयता मिलेगी। हालांकि, इसके लिए कुछ समय का इंतजार करना होगा।

गृहस्थों के घरों में रखी रकम जब बैंकों में जमा रही है तो जाहिर है कि इससे आने वाले दिनों में आरबीआई के पास कैश पर्याप्त मात्रा में जमा हो जाएगा। इससे यह परिणाम देखने को मिलेगा कि भविष्य में आरबरीई रेपो रेट में अंतर करके देश में व्याप्त महंगाई को काबू कर सकने में सक्षम होगा।

संदर्भ :

छह लोगों को थी 500 और 1000 के नोटों के बंद किए जाने की जानकारी – नवभारत टाइम्स – 9 नवम्बर 2016

Gopika Gopakumar] Vishwanath Nair (8 November 2016)- "Rs500, Rs1000 notes may be back] if history is a guide"- Live Mint- अभिगमन तिथि : 9 November 2016-

Kumar Uttam ¼12 November 2016½- "The measure is anti & poor: When BJP opposed demonetisation during UPA 2016-

https://ogaleshwarstory.com

Web Title: experts analysis on the impact of demonetization of 1000 and 500 rupees notes

(Latest News in Hindi from inKhabar)

http://khojkhabar-pandeyhariram.blogspot.in/2016/11/blog-post_15.html

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

सामाजिक मीडिया और बाजार वाद

डॉ. नीलिमा चटर्जी
सहायक प्राध्यापक
समाजशास्त्र विभाग
शासकीय महाविद्यालय, बरेली (म.प्र.)

सामाजिक मीडिया विपणन संगठनों के एकीकृत विपणन संचार योजनाओं का एक नवीन घटक है। एकीकृत विपणन संचार अपने लक्षित बाजारों के साथ जुड़ने के लिए संगठनों द्वारा पालन किया जा रहा एक सिद्धांत है। एकीकृत विपणन संचार ग्राहक केंद्रित संदेश तैयार करने के लिए मिश्रित प्रचार तत्व–यथा विज्ञापन, व्यक्तिगत बिक्री, जन संपर्क, प्रचार, प्रत्यक्ष विपणन और बिक्री प्रोत्साहन को समन्वित करता है। पारंपरिक विपणन संचार मॉडल में, सामग्री, आवृत्ति, समय, संगठन द्वारा संचार माध्यम एक बाहरी एजेंट, यानी विज्ञापन एजेंसियां, विपणन अनुसंधान फर्म और जन संपर्क फर्म के सहयोग के साथ हैं।, तथापि, सामाजिक मीडिया के विकास ने ग्राहकों के साथ संगठनों की संप्रेषण पद्धति को प्रभावित किया है। वेब 2.0 के उद्भव में इंटरनेट, लोगों को ऑनलाइन सामाजिक और व्यापार संबंध बनाने, सूचना साझा करने और परियोजनाओं पर सहयोग करने के लिए उपकरणों का एक सेट उपलब्ध कराता है।

सामाजिक मीडिया विपणन कार्यक्रम आम तौर पर ऐसी सामग्री तैयार करने के प्रयासों पर केंद्रित होते हैं जो ध्यान आकर्षित करे, ऑनलाइन संवाद जनित करे और पाठकों को अपने सामाजिक नेटवर्क के साथ उन्हें साझा करने के लिए प्रोत्साहित करे. संदेश उपयोगकर्ता से उपयोगकर्ता के बीच फैलता है और संभवतः प्रतिध्वनित होता है, चूंकि यह ब्रांड या कंपनी के बजाय एक विश्वसनीय स्रोत से आ रहा है।

जन सामान्य तक पहुँच होने के कारण सामाजिक मीडिया को लोगों तक विज्ञापन पहुँचाने के सबसे अच्छा जरिया समझा जाता है। हाल ही के कुछ एक सालो में इंडस्ट्री में ऐसी क्रांति देखी जा रही

है। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उपभोक्ताओं का वर्गीकरण विभिन्न मानकों के अनुसार किया जाता है जिसमें उनकी आयु, रूचि, लिंग, गतिविधियों आदि को ध्यान में रखते हुए उसके अनुरूप विज्ञापन दिखाए जाते हैं। इस विज्ञापन के सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं साथ ही साथ आलोचना भी की जा रही है।

सामाजिक मीडिया एक ऐसा मंच बन गया है जो आसानी से इंटरनेट तक पहुंच रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए सुलभ है, जो संगठनों को अपने ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के अवसर देते हुए, ग्राहकों के साथ बातचीत की सुविधा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, सामाजिक मीडिया संगठनों को अपने विपणन अभियान को कार्यान्वित करने के लिए एक अपेक्षाकृत सस्ते मंच के रूप में कार्य करता है। संगठन अपने ग्राहकों और लक्षित बाजारों से सीधे प्रतिक्रिया प्राप्त कर सकते हैं।

सामाजिक मीडिया विपणन ग्राहक की मदद के लिए अतिरिक्त माध्यम, ग्राहक और प्रतिस्पर्धी अंतर्दृष्टि पाने का साधन और ऑनलाइन उनकी प्रतिष्ठा के प्रबंधन की विधि उपलब्ध कराते हुए संगठन और व्यक्तियों को लाभ पहुंचाता है। उसकी सफलता को सुनिश्चित करने वाले महत्वपूर्ण कारक हैं उसका अपने ग्राहक के लिए प्रासंगिक होना, उनको वह जो मूल्य प्रदान करता है और उस नींव की मजबूती जिस पर वह निर्मित है। एक मजबूत नींव एक आधार या मंच का कार्य करता है जिस पर संगठन अपनी सूचना को केंद्रीकृत कर सके और लेख तथा प्रेस विज्ञप्तियों के प्रकाशन जैसे अन्य सामाजिक मीडिया प्रणालियों के माध्यम से अपने हाल के विकास की ओर ग्राहकों को निर्देशित कर सके। ख4, एक मजबूत नींव का लक्ष्य एक ऐसे मंच का निर्माण है जो अपने ग्राहकों को संगठन के साथ संप्रेषण का मौका देते हुए उन्हें आकर्षित करता और समर्थ बनाता है। यह मंच इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह संगठन को अपने ग्राहकों पर संगठन के प्रभावों को मापने और उन पर निगरानी रखने का भी अवसर देता है। सभी मंच हर संगठन के प्रयासों के लिए अनुकूल बनाए गए हैं, जहां मंच द्वारा प्रस्तुत महत्वपूर्ण अवसरों और चुनौतियों जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए, प्राथमिक जनसांख्यिकी को लक्षित किया जा रहा है और अपने ग्राहकों से प्राप्त सूचना के आकलन के लिए मीट्रिक्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। कुछ मंचों द्वारा प्रस्तुत उपकरण उनके ग्राहकों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में दूसरों की तुलना में अधिक उपयुक्त हैं।

संगठन सामाजिक मीडिया का उपयोग कैसे करते हैं

संगठनों द्वारा विपणन के लिए अधिक प्रभावी रूप से सामाजिक मीडिया का उपयोग करने के लिए, उन्हें यह समझना और स्वीकार करना होगा कि उभरते मंच वर्तमान विपणन पहल के प्रतिस्थापन के बजाय, उनके समग्र विपणन साधनों के अनुपूरक और विस्तार हैं। वे लक्ष्य, जिनके लिए सामाजिक

मीडिया का इस्तेमाल किया जा सकता है

संगठनों को सफलता के लिए सामाजिक मीडिया हेतु अपने लक्ष्यों को परिभाषित करने की जरूरत है। मंचों के बीच लक्ष्य भिन्न हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, ग्राहक सेवा और प्रसारण अद्यतनीकरण के लिए थ्बमइववा का इस्तेमाल किया जा सकता है जबकि प्रचार के लिए ज्ूपजजमत का उपयोग हो सकता है। YouTube संगठन के परदे के पीछे का नजारा दिखा सकता है। सफलता कारक लक्ष्यों पर निर्भर करता हैरू एक लक्ष्य हो सकता है प्रचार के परिणामस्वरूप नए ग्राहकों की एक विशिष्ट संख्याय एक और लक्ष्य हो सकता है किसी ग्राहक सेवा स्थिति में एक निर्दिष्ट समय के अंदर सभी ग्राहकों की शिकायतों का जवाब.

चूंकि सामाजिक मीडिया तेज गति से उभर रहा है (और समग्रतः अभी हाल ही का है), संगठन अक्सर सामरिक के बजाय स्वभावगत उपस्थिति स्थापित करते हैं।ख्ठ, ज्यादातर मामलों में, यह विकास उस हद तक उपयुक्त है जहां संगठन को अपने सामाजिक मीडिया के उपयोग और समग्र विपणन योजना में एकीकरण के लिए रणनीति विकसित करने की आवश्यकता है।

सामाजिक मीडिया आबादी के क्रांतिक जनसमूह द्वारा अपनाया गया है, जिसका मतलब है कि सामाजिक मीडिया में उपस्थिति संगठनों के लिए महत्वपूर्ण है।ख्ठ,ख्ब्, आम तौर पर, बिलकुल नहीं की जगह थोड़ी बहुत आधिकारिक उपस्थिति बेहतर है, भले ही एक विशेष रणनीति परिभाषित नहीं की गई हो। रणनीति और योजना के साथ या उसके बगैर–अन्य विपणन पहल के समान ही–सामाजिक मीडिया के प्रयास सफल या असफल हो सकते हैं।

अधिकांश संगठनों के पास उनके विपणन प्रयासों के लिए कर्मचारी मौजूद हैं। जनसंपर्क, विज्ञापन, वेब और मुद्रित संचार ऐसे क्षेत्र हैं जिनके प्रति कार्मिक और संसाधन समर्पित हैं। हालांकि सामाजिक मीडिया, विपणन रणनीतियों में हाल ही का क्षेत्र है, तथापि अधिक सफल संगठनों ने सामाजिक मीडिया से समन्वय स्थापित करने और उसके उपयोग में मदद के लिए समर्पित कर्मचारियों को रखा है। इन व्यक्तियों को संप्रति लोकप्रिय उपकरणों का इस्तेमाल करना होगा, लेकिन जब भी नए साधन आए और विकसित हों, उन नए उभरते साधनों के साथ प्रयोग करने की उन्हें छूट रहेगी.

कुछ संगठन ग्राहकों और सामान्य लोगों के मन में ब्रांड को ताजा रखने के लिए अपनी विपणन योजना में सामाजिक मीडिया का सक्रिय रूप से उपयोग करते हैं। एक सामाजिक मीडिया साइट पर संगठन के साथ जुड़ने से, संगठन को ऐसे व्यक्तियों के साथ जुड़े रहने का मौका मिलता है, जो उनके ग्राहक हो भी सकते हैं या नहीं भी, बजाय इसके कि जब उन्हें अतिरिक्त सूचना की तलाश हो तभी उनसे संपर्क के लिए उस पर निर्भर हों.

सामाजिक मीडिया एक विशाल विज्ञापन मंच है। संगठन सामाजिक मीडिया पर साझा विशिष्ट दिलचस्पियों के आधार पर व्यक्तियों को लक्षित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि एक व्यक्ति जॉगिंग के बारे में एक YouTube वीडियो देखता है, एक जूता कंपनी एक विज्ञापन दे सकती है, या एक कॉफी कंपनी ऐसे व्यक्तियों को लक्षित करते हुए विज्ञापन दे सकती है, जो सामाजिक मीडिया साइटों पर पोस्ट करते हैं कि वे थके हैं। सामाजिक मीडिया ने विज्ञापनदाताओं को अत्यंत संकीर्ण रूप से विज्ञापन जाल परिष्कृत करने का मौका दिया है।

कुछ संगठनों ने सामाजिक मीडिया विपणन पहल कार्यान्वित करते समय फायदे से अधिक नुकसान ही पहुंचाया हैय अन्य नए मीडिया मंच पर बहुत सफल रहे। उनकी सफलता की कुंजी थी, द्वार पर ही कॉर्पोरेट रवैया का परित्याग. सामाजिक मीडिया विपणन में, ग्राहकों की नजर प्रामाणिकता और संगठनों के साथ एक विश्वसनीय संबंध पर है, जिसके साथ वे रिश्ते बना रहे हैं।

Nestlé (नेस्ले)

Nestlé पर्यावरणवादियों के साथ विवादास्पद स्थिति में फंसा है, जो जल्द ही थंबमइववा पर उनसे चिढ़ गए और Twitter पर एक "twitstorm" की शुरूआत की। इसके अतिरिक्त, एक YouTube वीडियो बनाया गया जो छमेजसन्न द्वारा ताड़ के तेल के निरंतर प्रयोग और वर्षा–वन के विनाश के कारण उन पर प्रहार करता है। Nestlé ने अपने प्रशंसकों से अपने वॉल पर केवल सकारात्मक टिप्पणियां पोस्ट करने के अनुरोध के साथ इस नकारात्मकता के प्रति जैसे–तैसे प्रतिक्रिया जताई Facebook ने इन जनसांख्यिकी का इस्तेमाल अपने लाभ के लिए करने का निर्णय लिया। Facebook कानूनी तौर पर अपने वेबसाइट पर पोस्ट की गई सूचना पर सर्वाधिकार रखता है और उसने एक विज्ञापन कार्यक्रम तैयार किया जो उस सूचना के समूहन द्वारा थंबमइववा के प्रयोक्ताओं को व्यक्तिगत रूप से और उनको आकर्षित करने वाले विज्ञापन द्वारा हर व्यक्ति को लक्षित करता है। इस रणनीति ने विज्ञापन की दुनिया में एक सनसनी फैलाई. इस प्रकार के विज्ञापन से पहले, पॉप–अप और बैनर में तत्व की कमी के कारण ऑनलाइन विज्ञापन कभी बहुत ज्यादा प्रभावी नहीं थे। इंटरनेट का उपयोग करते समय अधिकांश लोगों ने इसे कष्टप्रद और ध्यान भंग करने वाला पाया। Facebook द्वारा 400 मिलियन प्रयोक्ताओं से मजबूत अपनी वेबसाइट पर प्रत्येक व्यक्ति को लक्षित करने के साथ, उसने हर कंपनी के लिए एक लक्ष्य बाजार तैयार किया। इसलिए अगर एक ब्राइडल कंपनी थंबमइववा पर विज्ञापित करना चाहती थी तो वह सचमुच सुनिश्चित कर सकती थी कि उनके विज्ञापन केवल वे लोग देख सकें जिनकी सगाई हुई है या जो डेटिंग पर हों, इस आधार पर कि वे कितने आगे जाना चाहते हों. इसने Facebook को प्रति–क्लिक–भुगतान रणनीति के उपयोग की शुरूआत करने का

मौका दियां कि इंटरनेट उपयोगकर्ताओं पर प्रभाव की कमी की वजह से अधिकांश विज्ञापनदाता संकोच करते हैं।

Facebook के लिए पे–पर–क्लिक रणनीति के परिणामस्वरूप, जब भी कोई Facebook प्रयोक्ता एक विज्ञापन पर क्लिक करता है, तो हर बार कंपनी विज्ञापन के लिए थ्बमइववा को भुगतान करती है। अध्ययनों से पता चला है कि उनसत्तर प्रतिशत से अधिक ऑनलाइन खरीदार थ्बमइववा जैसे सामाजिक मीडिया का उपयोग न केवल लोगों तक पहुंचने के लिए करते हैं, बल्कि साथ ही यह भी देखने के लिए कि क्या लोकप्रिय है और क्या फैशनेबल चीज है। मूल प्रति–क्लिक–भुगतान रणनीति प्रभावी नहीं थी क्योंकि उपयोगकर्ता नहीं चाहते थे कि उन्हें एक और पृष्ठ पर ले जाया जाए और वहां पर वे ऐसी कोई चीज देखें जो उनके लिए आकर्षक ना हो। Facebook की नई लक्ष्यीकरण प्रणाली के जरिए प्रति उपयोगकर्ता क्लिक का उनका अनुपात, किसी अन्य प्रतियोगी की तुलना में, यहां तक कि ळववहसम से भी, ज्यादा है। यह समझ में आता है क्योंकि विज्ञापन इस तथ्य के लिए आकर्षक बन जाता है कि उनकी सगाई हो चुकी है या वे फैशन में रुचि रखते हैं।

Facebook ने न केवल अपने विज्ञापनदाताओं तक पहुच के लिए, बल्कि Facebook उपयोगकर्ता के लिए भी एंगेजमेंट ऐड्स कहलाने वाले विज्ञापन भी तैयार किए। यह थ्बमइववा प्रयोक्ता और सामाजिक मीडिया को तीन अद्वितीय अनुभव अनुगत करता है। पहले आप विज्ञापन पर टिप्पणी कर सकते हैं जो उपयोगकर्ता को यह कहने की छूट देता है कि उसे विज्ञापन या उत्पाद में क्या पसंद या नापसंद है। ये टिप्पणियां Facebook प्रयोक्ता के अन्य मित्र देख सकते हैं। जिससे उनके सामाजिक समूह को यह पता चलता है कि यह या तो बेकार है या बहुत खूब है और उन्हें उसका उपयोग करना चाहिए। दूसरे, मित्रों को ऑनलाइन छोटे उपहार, मुफ्त ई–तोहफे देना एक लोकप्रिय बात हो गई है। विज्ञापनदाता अब मुफ्त ई–उपहार बना सकते हैं जो उपयोगकर्ता अपने दोस्तों को दे सकते हैं। अन्त में, उपयोगकर्ता अपने पसंदीदा उत्पाद और संगठनों के मित्र बन सकते हैं, जो उन्हें अपने पसंदीदा कंपनी के थ्बमइववा पृष्ठ से जोड़ सकता है। यह उन्हें दुनिया भर में ऐसे लोगों के समूह में डालता है जो इसी तरह के उत्पादों का आनंद उठाते हैं और Apple जैसी कंपनियों को यह देखने का मौकघ देता है कि दरअसल उनके लक्षित दर्शक कौन हैं।

Facebook पर एक और प्रमुख विपणन संयोजन है अनुप्रयोग. आज तक थ्बमइववा पर सबसे अधि क प्रयुक्त कुछ मदों में से एक है अनुप्रयोग. अनुप्रयोग का एक बढ़िया उदाहरण है Farmville-Farmville] जिसके 80 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ता है, जो Twitter की वेबसाइट पर संप्रति मौजूद प्रयोक्ताओं से ज्यादा है। Facebook और उसके विज्ञापन पर इस तरह के अनुप्रयोग की

शक्ति अब तक कभी सुनी नहीं गई। संगठन इन–गेम मदों को तैयार कर सकते हैं जो उपयोगकर्ता के फार्म की मदद करते हैं और जो कोई व्यक्ति उस फार्म का दौरा करता है वह उस व्यक्ति के फार्म पर मद, कंपनी का विज्ञापन देख सकता है। यह एक प्रभावी विपणन रणनीति है क्योंकि कई लोग इसे विपणन के रूप में नहीं लेते, बल्कि मानते हैं कि कंपनी इस खेल में आपकी मदद कर रहा है। यह इसलिए भी प्रभावी है क्योंकि Farmville के उपयोगकर्ताओं की एक विस्तृत श्रृंखला है और उनके साइट का दौरा करने वाले हर कोई विज्ञापन को देखेंगे.

सन्दर्भ –

डब्ल्यू. ग्लिन मैनगोल्ड, डेविड जे. फॉल्ड्स. सोशल मीडियारू द न्यू हाइब्रिड एलिमेंट ऑफ द प्रमोशन मिक्स. बिजनेस होराइजन्स, जर्नल ऑफ द केल्ली स्कूल ऑफ बिजनेस, इंडियाना विश्वविद्यालय

डब्ल्यू. ग्लिन मैनगोल्ड, डेविड जे.फॉल्ड्स. सोशल मीडियारू द न्यू हाइब्रिड एलिमेंट ऑफ द प्रमोशन मिक्स. बिजनेस होराइजन्स, जर्नल ऑफ द केल्ली स्कूल ऑफ बिजनेस, इंडियाना विश्वविद्यालय

http://online-wsj-com/article/SB122884677205091919-html

Imediaconnection

http://www-stephanmiller-com/organic&social&media&marketing/ Stephan Miller-

http://www-marketing&online-co-uk/wiki/Social_Media_Usage_Statistics

http://www-facebook-com/press/info-php\statistics

http://marketingprofs-com

http://www-dirjournal-com/articles/starbucks&social&media/

http://mashable-com/2010/07/15/old&spice&stats/

http://mashable-com/2010/07/14/old&spice&proposal/

http://www-youtube-com/watch\v(JvuYcbgZl&U

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

शिक्षा जगत के बदलते मायने

डॉ. जे.पी. माकवे
एसोसियेट प्रोफेसर शिक्षा विभाग
राजीव गांधी कालेज भोपाल

दुनिया में अर्थव्यवस्था के विकास के साथ वर्कफोर्स यानी कामगारों और काम चाहने वालों में महिलाओं की संख्या बढ़ी है। इस मामले में अमेरिका और यूरोपीय देश आदर्श स्थिति में पहुंच चुके हैं, जहां वर्कफोर्स में महिलाओं और पुरुषों के अनुपात में फर्क लगभग समाप्त हो चुका है। लेकिन भारत में अर्थव्यवस्था के विकास और विस्तार के साथ काम करने वाली महिलाओं की संख्या तेजी से गिर रही है। विश्व बैंक के 2015 तक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में वर्कफोर्स में महिलाओं की हिस्सेदारी 29 फीसदी है यानी भारत में हर सौ में 71 महिलाएं ऐसी हैं, जो वर्कफोर्स में शामिल नहीं हैं और ऐसी स्थितियां भी नहीं हैं कि उन्हें सहजता से काम मिल सके। दुनिया के मैन्युफैक्चरिंग हब चीन से भारत की तुलना करें तो चीन में वर्कफोर्स में महिलाओं की हिस्सेदारी 70 पर्सेंट है। इस अंतर से समझा जा सकता है कि चीन भारत से पांच गुना से भी ज्यादा बड़ी अर्थव्यवस्था क्यों है। सांस्कृतिक सवाल पब्लिक स्पेस में महिलाओं की गैर, मौजूदगी हमारे समाज की संरचनात्मक दिक्कत बन चुकी है, सबसे पहले तो इसे समस्या मानना बहुत जरूरी है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब 22 करोड़ और महिलाओं को वर्कफोर्स में होना चाहिए, लेकिन वे वर्कफोर्स से लापता हैं। इन्हें सिस्टम का हिस्सा बनाना जरूरी है। पिछले दस सालों में जितनी तेजी से नौकरियों में पुरुषों की संख्या बढ़ी है, अगर महिलाओं को भी उतने ही मौके मिलते तो जीडीपी रेट में करीब 1.4 प्रतिशत का इजाफा हो सकता था। इस जादुई आंकड़े के साथ भारत इस समय चीन से भी तेजी से तरक्की कर रहा देश बन चुका होता लेकिन, भारत अपने कई पड़ोसी देशों से फिसड्डी है।

